सोमवार, 13 अप्रैल 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 36 |
| आर्द्रता | 88% |
| सूर्योदय: 05:18 | सूर्यास्त: 17:56 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 10, मूल्य 3.00 रुपये



कानून की नहीं, न्याय तक पहुंच की कमी सबसे बड़ी चुनौती : सीजेआई सूर्यकांत पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार, पांच और नौ पर

सुविचार : उम्र सिर्फ़ शरीर की बढ़ती है, मन की नहीं।




# सिलीगुड़ी कारिडोर काटने की धमकी देने वाले टुकड़े- टुकड़े गैंग का समर्थन करती है टीएमसी : प्रधानमंत्री मोदी

**कहा- मदरसा के लिए टीएमसी सरकार छह हजार करोड़ जारी करती हैं और उत्तर बंगाल के विकास के लिए मामूली राशि**

**कहा- टीएमसी शासन में अवैंध घुसपैंठ के चलते बंगाल के सीमावर्ती जिलों की डेमोग्राफी बदल गई हैं**

**सिलीगुड़ी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ने वाला रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कारिडोर को काटने की धमकी देने वाले देश विरोधी तत्वों (टुकड़े- टुकड़े गैंग) का टीएमसी संसद में समर्थन करती है। सिलीगुड़ी के निकट कावाखाली मैदान में दार्जिलिंग तथा जलपाईगुड़ी जिले भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने उत्तर बंगाल के सीमावर्ती जिलों में घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसके चलते इन जिलों की डेमोग्राफी बदल गई है। उन्होंने भरोसा दिया कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर घुसपैठियों को चुन- चुन कर बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।



प्रधानमंत्री ने टीएमसी सरकार पर उत्तर बंगाल को उपेक्षित रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि अपने बजट में वह मदरसा के लिए छह हजार करोड़ रुपये जारी करने की घोषणा करती है, जबकि उत्तर बंगाल के विकास के लिए मामूली राशि जारी करती है।

पीएम ने पालटानो दरकार, चाई बीजेपी सरकार का नारा देते हुए लोगों से तृणमूल कांग्रेस सरकार को राज्य की सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र में उत्तर बंगाल के विकास तथा उत्तर बंगाल में एम्स, आइआइटी, आइआइएम तथा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा को दोहराते इसे मोदी की गारंटी करार दिया।

### बंगाल से महाजंगल राज की विदाई तय

मोदी ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में बंगाल से महा जंगलराज की विदाई तय है। वह दो दिनों से बंगाल में हैं और जिस तरह भाजपा की रैली में लोगों की भीड़ उमड़ रही है और आम जनता का समर्थन मिल रहा है, इससे साफ है तृणमूल कांग्रेस की निर्मम सरकार नहीं रहेगी । मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत बांग्ला और नेपाली भाषा से की।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 15 साल से बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार है । इस सरकार ने बंगाल को बर्बाद करने के अलावा कोई काम नहीं किया। इन लोगों ने सिर्फ काले कारनामे किए।

तृणमूल सरकार पर उत्तर बंगाल की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तर बंगाल के विकास के लिए पर्याप्त बजट आवंटित नहीं करती। उत्तर बंगाल की पूरी उपेक्षा की गई है। मदरसा के लिए तो बंगाल सरकार 600 करोड रुपये का बजट आवंटित करती है लेकिन उत्तर बंगाल के विकास के लिए उनके पास पर्याप्त फंड नहीं है। तृणमूल कांग्रेस सरकार अपने वोट बैंक के तुष्टीकरण के अलावा और कोई काम नहीं करती। केंद्र सरकार यहां के विकास के लिए जो पैसे भेजती है, वह भी सिंडिकेट राज वाले हड़प जाते हैं।

# बहुमत नहीं मिलने पर तृणमूल उम्मीदवारों से समर्थन के लिए धमका रही है भाजपा : ममता

**कहा... 'बंगाल को तीन भागों में बांटने के लिए परिसीमन करना चाहती हैं भाजपा'**

**किया दावा, भाजपा ने तृणमूल को सत्ता से हटाने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का किया सौंदा**




**बर्दवान/बांकुड़ा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा, राज्य मंत्रियों सहित तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवारों को धमका रही है और विधानसभा चुनाव के बाद बहुमत के आंकड़े से कम रहने की स्थिति में उनका समर्थन मांग रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा सरकार राज्य को तीन भागों में बांटने के लिए परिसीमन करना चाहती है और राज्य के कुछ हिस्सों को बिहार या ओडिशा में मिलाया जा सकता है, जिससे उन क्षेत्रों में रहने वाले बंगालियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इस दिन, पश्चिम बर्दवान के आसनसोल, बांकुड़ा जिले के छतना और ओंडा तथा पूर्व बर्दवान के खंडघोष में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव के बाद बहुमत के आंकड़े से कम रहने की स्थिति में राज्य मंत्रियों सहित तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवारों को धमका रही है और उनका समर्थन मांग रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल को तीन भागों में बांटने के लिए परिसीमन विधेयक लाने की योजना बना रही है। इससे पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों का बिहार या ओडिशा में विलय हो सकता है और जिससे वहां के बंगालियों को प्रताड़ना का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस को पश्चिम बंगाल की सत्ता से हटाने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का सौदा किया है। पार्टी प्रमुख ने कहा कि उन्होंने (भाजपा ने) पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का सौदा किया है।

**केंद्रीय बलों पर तलाशी के नाम पर महिलाओं से 'अपमानजनक व्यवहार' का आरोप**

ममता ने यह भी आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के लिए राज्य में तैनात केंद्रीय बल तलाशी के नाम पर महिलाओं के साथ 'अपमानजनक व्यवहार' कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बनर्जी ने यह भी दावा किया कि रैली स्थल उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें रैली करने की अनुमति नहीं दी गई, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा के लिए तुरंत अनुमति दे दी गई थी।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत ने पांच किग्रा एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाई, पीएनजी विस्तार तेज किया

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच भारत ने छोटे पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ा दी है और पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन का विस्तार तेज कर दिया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 23 मार्च से अब तक पांच किलोग्राम के 13 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर बेचे गए हैं और इनकी दैनिक बिक्री एक लाख से अधिक हो गई है। यह कदम प्रवासी श्रमिकों और कम आय वर्ग के उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए उठाया गया है। इसी अवधि में 4.24 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि 30,000 से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन वापस कर पीएनजी को अपनाया है। छह सप्ताह से जारी पश्चिम एशिया संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित किया है। भारत अपनी जरूरत का लगभग आधा कच्चा तेल, 40 प्रतिशत गैस और 85-90 प्रतिशत एलपीजी इस क्षेत्र से आयात करता है, जिस पर इस संकट का असर पड़ा है।

**न्यायिक अधिकारियों का घेराव**

## एनआईए ने कांग्रेस उम्मीदवार और छह अन्य को लिया हिरासत में

**मालदह/कोलकाता :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के एक उम्मीदवार सहित सात लोगों को हिरासत में लिया और इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के एक पंचायत सदस्य को भी गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद में नामों को हटाए जाने के विरोध में मालदा में स्थानीय लोगों द्वारा न्यायिक अधिकारियों के घेराव के संबंध में की गई है। एक अधिकारी के अनुसार, कांग्रेस के मोथाबाड़ी से उम्मीदवार सायम चौधरी को उनके कुछ सहयोगियों के साथ उस समय हिरासत में ले लिया गया जब वह अलीनगर पंचायत क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आईएसएफ के ग्राम पंचायत सदस्य गुलाम रब्बानी को एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) सदस्य मोफक्करुल इस्लाम से पूछताछ के दौरान प्राप्त सुरागों के आधार पर गिरफ्तार किया गया, जिसे पूर्व में राज्य पुलिस ने हिरासत में लिया था। एनआईए सूत्रों ने बताया कि रब्बानी को संभवतः कोलकाता लाया जाएगा और अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का मानना है कि उससे पूछताछ करने पर घटना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया

**श्रीनगर/नयी दिल्ली :** लश्कर-ए-तैयबा आतंकी समूह के अंतरराज्यीय नेटवर्क पर कार्रवाई तेज करते हुए, जम्मू कश्मीर पुलिस ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय में हरियाणा और राजस्थान से कई लोगों को हिरासत में लिया है। इन पर आरोप है कि उन्होंने आतंकियों को पासपोर्ट समेत फर्जी पहचान पत्र हासिल करने में मदद की थी। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों ने आधार कार्ड, स्थायी खाता संख्या (पैन) कार्ड और मतदाता कार्ड जैसे दस्तावेज बनाकर आतंकवादियों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। इस जांच का नेतृत्व श्रीनगर पुलिस ने किया, जिसने पूरी खुफिया जानकारी जुटाई। हालांकि, जैसे-जैसे इस अभियान का दायरा और इसके व्यापक सुरक्षा प्रभाव स्पष्ट होते गए, मामले में केंद्रीय एजेंसियों और अन्य राज्यों की पुलिस को शामिल किया गया, ताकि देश के विभिन्न हिस्सों में फैले इस नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। आधिकारियों के अनुसार, आतंकियों में से एक, जिसकी पहचान उमर उर्फ 'खरगोश' के रूप में हुई है, ने पासपोर्ट हासिल कर लिया था और इसके बाद वह इंडोनेशिया फरार हो गया। माना जा रहा कि वहां से उसने एक और फर्जी यात्रा दस्तावेज का इस्तेमाल किया और फिलहाल वह किसी खाड़ी देश में छिपा हुआ है।

## भारत ने अरुणाचल में स्थानों को 'काल्पनिक' नाम देने के चीन के 'शरारती प्रयासों' को खारिज किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने रविवार को कहा कि चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र को ''काल्पनिक नाम'' देना और ''निर-ाधार विमर्श'' गढ़ना वास्तविकता को नहीं बदल सकता, लेकिन इससे द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों पर असर जरूर पड़ सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नयी दिल्ली भारतीय क्षेत्र के स्थानों को ऐसे नाम देने के चीनी पक्ष के किसी भी शरारती प्रयास को स्पष्ट रूप से खारिज करती है। भारत ने पिछले साल मई में और अप्रैल 2024 में चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलने पर कड़ा रुख अपनाया था।

# अमेरिका-ईरान शांति वार्ता विफल

**21 घंटे की चर्चा से नहीं निकला कोई नतीजा**

**ईरान ने अमेरिका पर 'बेतुकी मांगें' थोपने का आरोप लगाया**

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में हुई 21 घंटे की ऐतिहासिक वार्ता में अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता नहीं हो सका, जिससे दो सप्ताह के लिए लागू नाजुक युद्धविराम का भविष्य अब अधर में है। दोनों पक्ष वार्ता विफल होने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। इस्लामाबाद में हुई वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका द्वारा अपना 'अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव' प्रस्तुत किए जाने के बावजूद ईरानी पक्ष ने युद्ध समाप्ति के लिए वाशिंगटन की शर्तों को स्वीकार नहीं किया। वेंस ने कहा कि शांति समझौता नहीं होने का मुख्य कारण तेहरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को नहीं छोड़ना था। वार्ता विफल होने के कुछ घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान के साथ बातचीत इसलिए असफल रही क्योंकि 'ईरान अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने को तैयार नहीं है।'

ईरानी दल के प्रमुख और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ ने कहा कि यह अमेरिका को तय करना है कि वह 'हमारा विश्वास जीत सकता है या नहीं।'ईरानी विदेश मंत्रालय ने विस्तार से बताए बिना कहा कि अमेरिकी पक्ष ने 'अत्यधिक' और 'अवैध मांगें' रखीं। समझौता नहीं होने से वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोले जाने की संभावना धूमिल हो गई है। यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान फिर से शुरू करेगा या नहीं।



अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने ईरान पर परमाणु शर्तें न मानने का आरोप लगाया

## राष्ट्रपति ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य की तुरंत नाकेबंदी का ऐलान किया

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परमाणु हथियारों के मुद्दे पर तेहरान के साथ शांति वार्ता विफल होने के कुछ घंटों बाद रविवार को घोषणा की कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों के प्रवेश या निकास को रोकने के लिए तत्काल नाकेबंदी शुरू करेगी। ट्रंप ने 'ट्रूथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने अमेरिकी नौसेना को अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में उन सभी जहाजों की पहचान करने और उन्हें रोकने का निर्देश दिया है जिन्होंने ईरान को शुल्क (टोल) का भुगतान किया है। उन्होंने कहा, जो कोई भी अवैध टोल का भुगतान करेगा, उसे समुद्र में सुरक्षित आवागमन की अनुमति नहीं मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि अन्य देश भी होर्मुज जलडमरूमध्य की इस नाकेबंदी में शामिल होंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य एक बेहद महत्वपूर्ण और संकरा समुद्री मार्ग है, जिसके जरिए दुनिया की कुल तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से का परिवहन होता है। ट्रंप ने कहा, ''उन्हें पैसा चाहिए और उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें परमाणु चाहिए। इसके अतिरिक्त हम पूरी तरह से 'तैयार और मुस्तैद' हैं और हमारी सेना उचित समय पर ईरान के बचे-खुचे हिस्से को भी पूरी तरह से नष्ट कर देगी।'

पाकिस्तान की राजधानी से रवाना होने से पहले एक संवाददाता सम्मेलन में वेंस ने कहा, हम पिछले 21 घंटे से बातचीत कर रहे हैं। अच्छी खबर यह है कि हमने ईरानियों के साथ कई महत्वपूर्ण चर्चाएं की हैं। उन्होंने कहा, बुरी खबर यह है कि हम किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए हैं और मुझे लगता है कि यह अमेरिका के लिए जितनी बुरी खबर है उससे कहीं अधिक ईरान के लिए बुरी खबर है। उन्होंने कहा, लेकिन सीधी सी बात यह है कि हमें उनसे यह स्पष्ट प्रतिबद्धता चाहिए कि वे परमाणु हथियार नहीं बनाएंगे और न ही ऐसे उपकरण हासिल करेंगे जिनसे वे जल्दी से परमाणु हथियार बना सकें। ईरानी मीडिया ने बताया कि वार्ताकार ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण और 'फ्रीज' की गईं ईरानी परिसंपत्तियों से पाबंदी हटाने से संबंधित मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने में विफल रहने के बाद वार्ता नाकाम हो गई।

# दिग्गज गायिका आशा भोसले की आवाज हमेशा के लिए खामोश

**मुंबई :** अपनी अनूठी आवाज से हिंदी पार्श्व गायन में अलग मुकाम हासिल करने वाली दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं। उन्होंने अपनी बहन तथा महान गायिका लता मंगेशकर की छाया में रहकर अपनी अलग पहचान बनाई थी। भोसले को शनिवार शाम सीने में संक्रमण और कमजोरी के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पोती जनाई भोसले ने यह जानकारी दी थी। भोसले ने परंपराओं को तोड़ते हुए सिनेमा में महिलाओं की आवाज को गहराई दी, चाहे वह 'हम इंतजार करेंगे' में विरह से भरी मीना कुमारी हों या 'पिया तू अब तो आजा' में बेबाक और मदहोश हेलेन हों। उनके बेटे आनंद ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा, लोग कल पूर्वाह्न 11 बजे लोअर परेल स्थित कासा ग्रांदे में उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दे सकते हैं, जहां वह रहती थीं। उनका अंतिम संस्कार कल शाम चार बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। 'आजा, आजा' पर श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर करने वाली और उतनी ही कुशलता से 'चैन से हम को कभी' में बिछड़े प्रेम का दर्द भी महसूस कराने वाली



उनकी आवाज ने कई पीढ़ियों तक भारतीयों के बचपन और युवावस्था को संवारा। और अब उनके निधन पर लाखों लोग शोक में डूबे हैं। आशा ने अपनी बहन लता के साथ मिलकर सात दशकों तक हिंदी पार्श्व गायन की दुनिया पर राज किया। बॉलीवुड में फिल्मी अभिनेत्रियों के लिए रिकॉर्ड किए गए लगभग हर फिल्मी गाने में उन्होंने अपनी आवाज दी। आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में आशा ने अविश्वसनीय रूप से 12,000 गाने रिकॉर्ड किए। उनका पहला गाना 1943 में 10 वर्ष की आयु में मराठी फिल्म ''माझा बल'' के लिए था। उन्होंने 2010 के दशक के अंत तक और उसके बाद भी गायन जारी रखा, जिससे वह वैश्विक संगीत इतिहास में सबसे लंबे समय तक गायन करने वाली गायिका बन गईं। कई पुरस्कारों से सम्मानित आशा भोसले एक सफल उद्यमी भी थीं। उन्होंने दुबई और ब्रिटेन में 'आशा' नाम से लोकप्रिय रेस्तरां संचालित किया। उन्हें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, पद्म विभूषण, राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई अन्य संगीत सम्मानों से नवाजा गया। फिल्म और संगीत जगत से उन्हें श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है।

### आशा भोसले के निधन से संगीत जगत में खालीपन आया : राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को प्रख्यात पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इससे संगीत जगत में खालीपन आ गया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रतिष्ठित गायिका के रूप में उनके शानदार करियर ने भारत में संगीत के एक युग को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि उनके पास भोसले के साथ व्यक्तिगत रूप से हुई बातचीत की सुखद यादें हैं।

### आशा भोसले पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को प्रख्यात गायिका आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनके गीत लोगों के जीवन में हमेशा गूंजते रहेंगे। उन्होंने कहा, भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाजों में से एक, आशा भोसले जी के निधन से मैं बेहद दुखी हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे उनकी भावपूर्ण धुनें हों या जीवंत रचनाएं, भोसले की आवाज में कालातीत प्रतिभा झलकती थी। मोदी ने कहा, उनके साथ हुई बातचीत की यादें मेरे दिल में हमेशा बसी रहेंगी। उनके परिवार, प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। वह पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत हमेशा लोगों के जीवन में गूंजते रहेंगे।

### ममता बनर्जी ने आशा भोसले को 'संगीत जगत की महान हस्ती' एवं पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जानी मानी गायिका आशा भोसले के निधन पर रविवार को गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें संगीत जगत की महान हस्ती करार देते हुए पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि बांग्ला संगीत में भी आशा भोसले का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने कई बांग्ला गीत भी गाए और पश्चिम बंगाल में भी वह बेहद लोकप्रिय हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें उन्हें 2018 में हमारे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बंगविभूषण' से सम्मानित करने का अवसर मिला।''

## कोई भी भेदभाव धर्म के मर्म के विरुद्ध

यह विडंबना ही है कि 21वीं सदी, जिसे ज्ञान की सदी भी कहा जाता है, में किसी व्यक्ति के धार्मिक स्थल विशेष जाने पर वर्ग या लिंगभेद के आधार पर रोक लगे। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी से सहमत हुआ जा सकता है जिसमें कहा गया कि मंदिरों व मठों में प्रवेश में भेदभाव धर्म के लिये अच्छा नहीं है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने धार्मिक स्थलों में महिलाओं से भेदभाव के मामले में सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की थी। देश की शीर्ष अदालत का मानना था कि मंदिरों और मठों में जाने का अधिकार हर व्यक्ति को मिलना चाहिए। अदालत ने चिंता जतायी कि यदि ऐसा नहीं होता है तो समाज में विभाजन को बढ़ावा मिलेगा। जिसका धर्म विशेष की सर्वस्वीकार्यता पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ धार्मिक स्थलों में महिलाओं से भेदभाव के मामले में सात कानूनी सवालों पर विचार कर रही है। जिसमें केरल के बहुचर्चित सबरीमाला मंदिर में दस से पचास साल की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध का मुद्दा भी शामिल है। दरअसल, केरल के कई संगठनों की ओर से शीर्ष अदालत में उपस्थित अधिवक्ता ने दलील दी थी कि संप्रदाय विशेष का मंदिर, इस मामले में प्रवेश की अनुमति और पूजापाठ की इजाजत एक संप्रदाय विशेष तक सीमित रख सकता है। इस प्रसंग में पीठ की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मंदिर और मठ में प्रवेश का अधिकार मिलना चाहिए। किसी को रोका जाना हिंदू धर्म के लिए अच्छी परंपरा नहीं है। दूसरे शब्दों में इसका धर्म पर बुरा असर नहीं पड़ना चाहिए। निश्चित रूप से देशकाल व परिस्थितियों के अनुसार देश के कानून व संविधान में भी परिवर्तन किए गए हैं। ऐसा में आस्था स्थलों से जुड़ी मान्यताओं व परंपराओं पर भी तर्कशील ढंग से विचार किया जाना जरूरी है। यह किसी भी समाज में समतामूलक सोच के विस्तार के लिये अपरिहार्य शर्त होनी चाहिए। इस दिशा में उदार सोच समय की जरूरत है।

इसमें दो राय नहीं कि हमारे धार्मिक स्थल हमारी आध्यात्मिक दृष्टि को समृद्ध करने में अहम भूमिका निभाते हैं। धार्मिक होने का मतलब है ममता-समता और लोककल्याण से जुड़ी व्यापक दृष्टि का होना। श्रद्धालु किसी भी धार्मिक स्थल में मन की शांति और सुकून के लिये जाते हैं। इस बात से सहमत नहीं हुआ जा सकता है कि पूजा पद्धति व धार्मिक स्थल में प्रवेश रोकने पर हमारे आराध्य प्रसन्न होंगे। पौराणिक प्रसंगों में ऐसे उदाहरण नहीं मिलते हैं जब धरती पर अवतार लेने वाले देवताओं ने किसी वंचित समाज के व्यक्ति और महिलाओं को लेकर किसी तरह के भेदभाव को प्रश्रय दिया हो। छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब व महिला व पुरुष का भेद कभी उनके कालखंड में सामने नहीं आया। इसके बावजूद देशकाल परिस्थितियों में तथा तार्किकता के अभाव में यदि किसी तरह भेदभाव कतिपय कारणों से सामने आया भी हो, तो वक्त का तकाजा यही है कि उन्हें समय के अनुकूल ढाला जाए। आस्था के नजरिये से बात करें तो भी ईश्वर ने अपनी किसी भी रचना को लेकर कभी किसी तरह का भेदभाव नहीं किया। तो फिर उसके रचे इंसानों को किसी तरह के भेदभाव की अनुमति कैसे दी जा सकती थी। बहुत संभव है कि किसी समय में शुचिता को लेकर परंपरागत सोच रही हो। लेकिन आज विज्ञान ने कई प्राचीन धारणाओं व रूढ़ियों को बदलकर नई दृष्टि दी है। चंद्रमा हजारों साल से मानवीय आस्था का प्रतीक रहा है। हिंदू, मुस्लिम व अन्य धर्म किसी न किसी रूप में चंद्रमा को गहन आस्था के केंद्र के रूप में देखते रहे हैं। 19वीं सदी में कौन सोच सकता है कि तमाम धर्मों में पूज्य चांद पर कभी इंसान भी कदम रख सकता है। लेकिन आज यह हकीकत है कि भारत समेत कई विकसित देशों के मिशन चंद्रमा की सतह पर उतरे हैं। बहरहाल, ऐसे में उस धर्म विशेष की सर्वस्वीकार्यता को लेकर सवाल खड़े हो सकते हैं, जो व्यक्ति, वर्ग, संप्रदाय व लिंग के आधार पर किसी भी तरह का भेद करता हो। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि ऐसे निर्णयों का धर्म पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 अप्रैल, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख कृष्णपक्ष एकादशी, 25:06 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 15:49 तक, योग : शुभा, 17:03 तक, सूर्योदय: 05:18, सूर्यास्त: 17:56, चन्द्रोदय : 02:23, चन्द्रास्त: 13:57, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 06:55 से 08:29

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए बहुत ही सकारात्मक और मंगलमय रहेगा। आपके अच्छे कामों और ईमानदारी से आपकी पहचान और सम्मान बढ़ेगा।

**वृष :** आज का दिन तरक्की और उन्नति की राह पर आपके लिए अनुकूल रहेगा। राजनीति या पेशेवर क्षेत्र में कार्यरत लोग नए संपर्कों से लाभ पा सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए थोड़ी उलझन भरा और व्यस्त रहेगा। काम का बोझ और इधर-उधर का आना-जाना लगेगा, लेकिन खर्च भी कुछ अधिक रहेंगे।

**कर्क :** आज का दिन पद और प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। कार्य क्षेत्र में मनपसंद काम मिलने के योग हैं, जो आपको संतोष और खुशी देंगे।

**सिंह :** आज का दिन लाभ और बुद्धिमानी के प्रयोग का रहेगा। किसी अन्य के मामलों में बेवजह बोलने से बचें और अपनी वाणी को सौम्य रखें। नए अवसरों की पहचान आपके लिए लाभकारी रहेगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो आपके मन को शांति देगा। जिम्मेदारियों में लापरवाही न करें।

**तुला :** आज का दिन सोच-समझकर निर्णय लेने का है। राजनीति या पेशेवर क्षेत्र में बड़े पद की प्राप्ति का मौका मिलेगा, लेकिन काम का दबाव भी अधिक रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन योजनाबद्ध तरीके से काम करने का है। जोश से ज्यादा होश में रहें। खर्चों को लेकर योजना बनाएं, नहीं तो अनावश्यक धन व्यय हो सकता है।

**धनु :** आज कार्यभार अधिक रहेगा, लेकिन कई काम एक साथ आने से व्यस्तता बढ़ेगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ की संभावना है। सांस्कृतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर :** आज कोई मनोकामना पूरी होने की संभावना है। संतान की किसी गलती पर तुरंत हां न कहें, नहीं तो बाद में पछतावा हो सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों में मान-सम्मान मिलेगा।

**कुम्भ :** आज जोखिम भरे काम से दूर रहें। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। डूबा हुआ धन मिलने की संभावना है। बुद्धि का प्रयोग करके नुकसान से बचें।

**मीन :** आज का दिन चिंताग्रस्त और सतर्क रहने वाला है। मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आर्थिक लेन-देन सोच-समझकर करें।

# मथुरा नौका हादसा : तीन और शव बरामद, मृतकों की संख्या 13 हुई



**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में यमुना नदी में नौका के पलटने की घटना के दो दिन बाद रविवार सुबह तीन और शव बरामद किए गए, जिसके साथ ही मृतकों की संख्या 13 हो गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, तीन लोग अब भी लापता हैं जिनकी तलाश जारी है। वृंदावन में शुक्रवार को नौकाविहार के दौरान नौका के पलटने से उस पर सवार 10 लोगों की डूबकर मौत हो गई थी, जबकि 22 लोगों को समय रहते नाविकों और गोताखोरों ने बचा लिया था। पुलिस ने बताया कि शनिवार को घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर देवराहा बाबा घाट के पास एक शव बरामद किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुरेश चंद्र रावत ने कहा, ''रविवार सुबह घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर अक्रूर घाट के पास ऋषभ शर्मा और एक किलोमीटर दूर देवराहा बाबा घाट के पास डिंकी बंसल का शव बरामद किया गया।'' रावत ने बताया कि अब तक इस नौका हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या 13 हो गई है। उन्होंने बताया कि पंकज मल्होत्रा, यश भल्ला और मोनिका अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। पंजाब के जगराओं से दो बसों में आए श्रद्धालु शुक्रवार दोपहर वृंदावन में यमुना नदी में नौकाविहार कर रहे थे। इनमें से अधिकांश श्रद्धालु दो नौकाओं में सवार होकर मांट क्षेत्र में स्थित देवराहा बाबा की समाधि के दर्शन के लिए नदी के दूसरे किनारे जा रहे थे। सूत्रों के अनुसार, एक नाव का मालिक और नाविक पप्पू उर्फ दाऊजी नौका को तेज गति से चला रहे थे। बताया जाता है कि श्रद्धालुओं ने कई बार उससे गति कम करने को कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए उनकी बात अनसुनी कर दी कि यह उनका रोज का काम है। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान नौका नदी में पीपा पुल के कुछ ढांचों से टकराकर पलट गई, जिससे सवार श्रद्धालु डूबने लगे।

## भाजपा को हार का खतरा है, इसलिए राजस्थान में निकाय चुनाव से बच रही है : पायलट




**जयपुर :** कांग्रेस महासचिव और टोंक के विधायक सचिन पायलट ने रविवार को राजस्थान की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह ढाई साल में कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाई है और अफसरशाही पूरी तरह हावी है। उन्होंने कहा कि सरकार नगर निकाय चुनाव कराने से बच रही है, क्योंकि उसे अपनी हार का डर सता रहा है। पायलट रविवार को टोंक विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे। उन्होंने देवपुरा, हरचंदेड़ा, भरनी व सोनवा समेत कई गांवों में ग्रामीणों से सम्पर्क किया और समस्याएं सुनीं। उन्होंने देवपुरा में पुस्तकालय का लोकार्पण किया। इसके अलावा पायलट ने कहा कि केरल विधानसभा का कार्यकाल मई तक था, लेकिन निर्वाचन आयोग ने जल्दबाजी में चुनाव घोषित कर दिए। उन्होंने कहा कि कम समय मिलने के बावजूद कांग्रेस ने मजबूती से चुनाव लड़ा और बेहतर परिणाम की उम्मीद है। उन्होंने दावा किया कि केरल, पुडुचेरी और असम में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है और वहां सरकार बनने की पूरी संभावना है। असम को लेकर उन्होंने कहा कि वहां के मुख्यमंत्री की ओर से लगाए जा रहे आरोप और अभद्र भाषा यह दर्शाती है कि वह घबराए हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि असम पुलिस का दुरुपयोग किया जा रहा है और विपक्ष पर कार्रवाई की जा रही है।

## जयपुर में महिला से छेड़छाड़ के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर :** जयपुर में एक महिला से छेड़छाड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान टोंक के निवासियों मनराज मीणा (24), सुधामा मीणा (24), महेश बंजारा (19) और दौसा के रहने वाले लोकेश बंजारा (21) के रूप में हुई है। दक्षिण क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज वर्मा ने रविवार को बताया कि 10 अप्रैल को वीडियो वायरल होने के बाद राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और साइबर टीम की मदद से आरोपियों की पहचान की गई। उन्होंने बताया कि घटना मुहाना थाना क्षेत्र की है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने सूरजमल सर्किल से नयी सांगानेर रोड तक महिला का पीछा किया और कथित तौर पर उसे अनुचित तरीके से छूते हुए उसकी शर्ट खींचने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित कुमार शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त (मानसरोवर) आदित्य काकड़े की देखरेख में विशेष टीम बनाई गई।

## राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के शहीद सुनील कुमार के परिजनों से की मुलाकात

**लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के शहीद सुनील कुमार के परिजनों से रविवार को मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। भाजपा की लखनऊ इकाई ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार लखनऊ से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद राजनाथ ने शहीद की पत्नी सुजाता कुमारी, पुत्र सौरभ, शिवेश तथा परिवार के अन्य सदस्यों से भेंट कर उनका हालचाल जाना और उन्हें संबल प्रदान किया। इस दौरान राजनाथ ने कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों से भी मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने लखनऊ में चल रहे विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया और क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस बैठक में भाजपा की लखनऊ महानगर इकाई के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और महासचिव घनश्याम दास अग्रवाल भी मौजूद रहे। इसके अलावा, भाजपा महानगर इकाई के पदाधिकारियों और नवनियुक्त पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने भी रक्षा मंत्री से मुलाकात कर उनका सम्मान किया। राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश साहित्य सभा, राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ, कर्मचारी-शिक्षक संयुक्त मोर्चा तथा आदर्श व्यापार मंडल सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया।

## अस्थमा विशेषज्ञ ने फेफड़ों की गंभीर बीमारी के निदान के लिए विकसित किया नया उपकरण

**जयपुर :** जयपुर के एक अस्थमा रोग विशेषज्ञ ने अतिसंवेदनशीलता निमोनिया (एचपी) जैसी गंभीर फेफड़ों की बीमारी के सटीक और प्रारंभिक निदान के लिए एक नया उपकरण विकसित करने का दावा किया है। यह बीमारी फेफड़ों में तंतुमयता (फाइब्रोसिस) का कारण बन सकती है। इस उपकरण ने 90 प्रतिशत से अधिक सटीकता प्रदर्शित की है और इसके शोध को अंतरराष्ट्रीय श्वसन रोग जर्नल 'थोरैक्स' में प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ता डॉ. शीतू सिंह के अनुसार एचपी इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (आईएलडी) का एक प्रमुख कारण है, जो फेफड़ों में स्थायी दाग पैदा करता है। यह रोग भारत सहित दक्षिण एशियाई देशों-पाकिस्तान, श्रीलंका और भूटान में अपेक्षाकृत अधिक पाया जाता है और इसका निदान अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि यह उपकरण एक प्रश्नावली के रूप में कार्य करता है, जिसमें मरीज के पर्यावरणीय संपर्क-जैसे पक्षियों, धूल और नमी वाले वातावरण का आकलन किया जाता है। यदि मरीज का स्कोर नौ या उससे अधिक आता है, तो एचपी होने की संभावना अधिक मानी जाती है।

## रांची में एक लड़की को पीट-पीटकर मार डालने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**रांची :** झारखंड के रांची जिले में 16 वर्षीय एक लड़की की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को कांके पुलिस थाना क्षेत्र में एक अधिकारी के घर पर हुई। घटना का पता तब चला जब आरोपी अधिकारी अपने भाई के साथ लड़की का शव उसके परिवार को सौंपने के लिए बुरमू ब्लॉक गया था। डीएसपी (ग्रामीण) अमर कुमार पांडे ने कहा, हमने अधिकारी, उसके भाई और उसकी चार पहिया गाड़ी के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक की जांच में पता चला है कि पीड़िता की मौत में भाई की भूमिका 'संदिग्ध' है, जबकि चालक की भूमिका नगण्य प्रतीत होती है। बुरमू पुलिस थाने में जीरो प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पीड़िता के शव को रांची ले जाया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। डीएसपी ने बताया कि लड़की के शरीर पर चोट के कई निशान मिले, जिससे संकेत मिलता है कि उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई थी।

## झारखंड: आबकारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोप में 164 लोगों को गिरफ्तार किया गया



**रांची :** झारखंड आबकारी पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुए कुल 159 अभ्यर्थियों और पांच अन्य लोगों को रविवार को पेपर लीक के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पांचों मुख्य आरोपी प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं में शामिल एक गिरोह के सदस्य हैं। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने कहा कि रांची के एसएसपी को सूचना मिली थी कि तमाड़ पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत रड़गांव में एक इमारत में बड़ी संख्या में छात्र इकट्ठा हुए हैं, जिसके बाद 159 से अधिक छात्रों को गिरफ्तार किया गया। कुमार ने पत्रकारों से कहा, ''छात्रों को प्रश्न पत्रों के चार सेट दिए गए थे, जिनके बारे में दावा किया गया था कि वे आबकारी शुल्क भर्ती परीक्षा के प्रश्न हैं। मुद्रित और डिजिटल प्रारूपों में उपलब्ध कराए गए प्रश्न पत्रों को जब्त कर लिया गया। हालांकि, वे आज की परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों से हूबहू मेल नहीं खाते थे।'' उन्होंने कहा, ''पूछताछ जारी है, जबकि पुलिस इस मामले में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।''

## भाजपा ने बिहार विधानसभा में विधायक दल का नेता चुनने के लिए शिवराज चौहान को पर्यवेक्षक नियुक्त किया



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को बिहार में अपने विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पार्टी ने बिहार में नयी सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक अधिसूचना में कहा, ''भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिहार में भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।'' इससे पहले, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि बिहार में नयी सरकार के गठन की प्रक्रिया 13 अप्रैल के बाद शुरू होगी। झा पटना में पत्रकारों से बात कर रहे थे और कुछ देर पहले ही उन्होंने जदयू प्रमुख कुमार से मुलाकात की थी। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की उम्मीद है ताकि भाजपा के नेतृत्व वाली नयी सरकार का गठन हो सके। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य झा ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह प्रक्रिया 13 अप्रैल के बाद शुरू होगी। लेकिन अधिक जानकारी के लिए आपको राज्य सरकार में शामिल लोगों से बात करनी चाहिए।'' झा के अलावा, मुख्यमंत्री के आवास पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जदयू नेता तथा विधायी कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। चौधरी ने पत्रकारों से कहा, ''नए मुख्यमंत्री का चुनाव भाजपा की सिफारिश पर राजग के विधायकों द्वारा किया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इन मामलों में उसकी अपनी प्रक्रिया है। एक बार जब वह अपनी योजना प्रस्तुत कर देगी, तो आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।'' हालांकि, सम्राट चौधरी को बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए संभावित उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन भाजपा और जदयू दोनों ने ही इस मामले में चुप्पी साध रखी है।

## गाजियाबाद में एक व्यक्ति ने की चार वर्षीय भांजी की हत्या

**गाजियाबाद (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक व्यक्ति ने अपनी चार वर्षीय भांजी का कथित तौर पर अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार रात हुई। शालीमार गार्डन के सहायक पुलिस आयुक्त अतुल कुमार सिंह ने कहा कि लड़की का शव शालीमार गार्डन इलाके में एक खड़ी हुई कार में मिला।

## भाजपा सरकार में किसान उपेक्षा का शिकार : अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में किसान उपेक्षा का शिकार है और असमय बारिश, आंधी तथा ओलावृष्टि से प्रदेशभर में फसलों को भारी नुकसान हुआ है। सपा के राज्य मुख्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार यादव ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में गेहूं, सरसों और अन्य फसलों को काफी नुकसान हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने मैनपुरी, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, हाथरस, अयोध्या, मेरठ, पीलीभीत, मथुरा, हरदोई, सोनभद्र और श्रावस्ती सहित अनेक जिलों का उल्लेख करते हुए कहा कि बारिश के कारण किसानों का गेहूं भीगकर खराब हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि फसलें गिरकर नष्ट हो गईं, लेकिन अब तक किसानों को कोई मुआवजा या राहत नहीं मिली है। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री और सरकार के अन्य मंत्री केवल खोखली घोषणाएं और हवाई सर्वेक्षण कर रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर किसानों को कोई सहायता नहीं पहुंची है।

## बिहार में 14 अप्रैल को मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक के बाद नीतीश के इस्तीफा देने की संभावना



**पटना :** बिहार में रविवार को राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ता दिखा क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 14 अप्रैल को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। संभावना जताई जा रही है कि इस बैठक के बाद जनता दल यूनाइटेड (जदयू) अध्यक्ष नीतीश कुमार मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का गठन होगा। कैबिनेट सचिवालय विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, बैठक सुबह 11 बजे होगी जिसके बाद राज्य के सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार राज्यपाल सैयद अता हसनैन को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। नीतीश पिछले सप्ताह राज्यसभा के लिए चुने गए थे। इससे पहले कुमार के करीबी सहयोगी और जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने पत्रकारों से कहा था कि नई सरकार के गठन की प्रक्रिया 13 अप्रैल के बाद शुरू होने की संभावना है। इस बीच, भाजपा ने सक्रियता दिखाते हुए बिहार विधानसभा में विधायक दल का नेता चुनने के लिए शिवराज सिंह चौहान को 'केंद्रीय पर्यवेक्षक' नियुक्त किया है, जो सत्ता परिवर्तन की निगरानी करेंगे। भाजपा राज्य में अपने पहले मुख्यमंत्री की संभावना को लेकर काफी संयम बरत रही है। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि संसदीय बोर्ड ने केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के कई बार मुख्यमंत्री रह चुके चौहान को बिहार में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जदयू के वरिष्ठ नेता और विधायी कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज सुबह यहां कहा था, ''नए मुख्यमंत्री का चुनाव राजग द्वारा भाजपा की सिफारिश पर किया जाएगा, जिसमें भाजपा की अहम भूमिका होगी।'' ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि निवर्तमान सरकार में महत्वपूर्ण गृह मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में सबसे आगे हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3408

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | | ■ | 6 | | 7 |
| 8 | | | ■ | 9 | | 10 | ■ | 11 | |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | | ■ | 19 | 20 | |
| ■ | 21 | | | ■ | ■ | 22 | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 23 | | | ■ | | ■ |
| 24 | | 25 | | | ■ | ■ | 26 | | 27 |
| | ■ | | ■ | 28 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) विलंब, 2) मसाले की एक जड़, 5) जाँघिया, 6) तैरनेवाला, 8) ख़राब, 9) असभ्य, 11) ज़ोर, 12) शक्कर, 14) आधार, 16) खाली, 18) गति, 19) ज़िंदगीनामा, 21) अमीर; पैसे-वाला, 22) पवित्र, 23) छाला, 24) बीच में, 26) सिरे का, 28) अंतर्भाव.

*ऊपर से नीचे:-* 1) एक लिपि, 2) हाँ; बढ़िया, 3) इतवार, 4) इच्छा, 5) बाँस की पतली छड़ी, 7) बचपन, 10) अवशिष्ट, 13) फीका, 15) कमल, 17) धज्जी धज्जी, 20) ज़मीन से उगनेवाले पेड़, पौधे, लताएँ आदि, 22) संपर्क; तुषार, 23) कटहल, 24) मर्तबा, 25) सूर्य, दोस्त, 26) भाग, 27) बीमारी; रोग.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिं | दा | स | ■ | ■ | के | स | री | ■ | का |
| ■ | ■ | म | हा | ब | त | ■ | ति | मि | र |
| च | तु | र्थ | ■ | ह | न | न | ■ | ■ | ख़ा |
| र | ■ | नी | ला | म | ■ | ट | ह | ल | ना |
| स | म | य | ■ | ■ | आ | ना | ■ | ह | ■ |
| ■ | त | ■ | आ | ज़ा | द | ■ | त | मा | म |
| प | ल | स्त | र | ■ | त | स | ल्ली | ■ | ■ |
| र | बी | ■ | पा | क | ■ | म | न | मा | नी |
| सों | ■ | नि | र | क्ष | र | ता | ■ | ला | ड़ |

## सुडोकू-पहेली-3366

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | 9 | 1 | | | |
| 4 | | | | 6 | 8 | | | |
| | | | | | | | | 4 |
| | | | | | | | 8 | |
| 9 | 6 | 2 | | | | | 1 | |
| | 4 | | | | | 9 | 7 | |
| 5 | | 9 | | 4 | | 1 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| | | | 7 | 1 | | | 5 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3365का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | | 9 | | | | | 6 |
| | | 6 | | | 4 | | 8 | |
| | | | | | 3 | 5 | | |
| | | | | | 1 | | | 2 |
| | | | | | 6 | 4 | 7 | |
| | 2 | | | 8 | | | 6 | |
| 4 | | 1 | | | | | | |
| | | 8 | | | | | 3 | |
| | 6 | | | | 5 | | 2 | |

# एसआईआर देश का सबसे बड़ा घोटाला : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा**

रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर चुनाव से पहले मतदाताओं को रिश्वत देने का आरोप लगाया और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को हाल के दिनों में देश का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर हाल के दिनों में देश में हुआ सबसे बड़ा घोटाला है। पूरी दुनिया जानती है कि आपकी सरकार 2026 में गिर जाएगी। तब हम आपकी सरकार द्वारा लाए गए सभी जनविरोधी कानूनों को रद्द कर देंगे।

**❑ मतदान प्रक्रिया में हेरफेर करने की कोशिश एवं सतर्क रहने के आदेश**

ममता ने कहा कि भाजपा चुनाव से पहले मतदाताओं को रिश्वत देती है। लेकिन मतदान समाप्त होते ही वे अपने वादे भूल जाते हैं। बिहार चुनाव में यही देखने को मिला। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए मतदान प्रक्रिया में हेरफेर करने की कोशिश करेगी और लोगों से सतर्क रहने और मतदान मशीन पर नजर रखने का आग्रह किया। ममता ने कहा कि वोटिंग मशीन के प्रति सतर्क रहें। भाजपा ने धीमी गति से मतदान और धीमी मतगणना की योजना बनाई है। उनकी सभी योजनाओं को विफल करें।

**❑ 'भाजपा लोगों को 'नशीली चाय और मिठाई' खिलाकर 'वोट लूटने' की योजना बना रही'**

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा लोगों को 'नशीली चाय और मिठाई' खिलाकर 'वोट लूटने' की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि वे आपको नशीली चाय और मिठाई खिलाने की योजना बना रहे हैं, जिसे खाकर आप सो जाएंगे और वे आपके वोट लूट लेंगे, सावधान रहें। उन्होंने सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के भाजपा के चुनावी वादे पर भी सवाल उठाते हुए कहा, 'युवाओं को दो करोड़ नौकरियां प्रदान करने के उनके (मोदी के) वादे का क्या हुआ?'

## आधुनिक डायर, कर्जन 'रिमोट कंट्रोल' से बंगाल पर शासन करने की कोशिश कर रहे हैं : अभिषेक



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि 'आज के युग के (जनरल) डायर और (लॉर्ड) कर्जन बंगाल पर 'रिमोट कंट्रोल' से शासन करने की कोशिश कर रहे हैं'। बनर्जी ने जोर देकर कहा कि राज्य की जनता 'कभी भी दिल्ली के इशारों पर नहीं चलेगी'। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में दूसरे नंबर के नेता एवं पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने 'बंगाल की जनता की अडिग जुझारू भावना' का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य की जनता 'दिल्ली के जमींदारों की मनमानी के आगे कभी नहीं झुकेगी'। उन्होंने कहा, 'बंगाल की सरकार कभी भी दिल्ली के निर्देश पर काम नहीं करेगी।' डायमंड हार्बर के सांसद ने कहा, 'बंगाल की जनता के अदम्य उत्साह और जुझारूपन के आगे झुककर अंग्रेजों को भी भारत की राजधानी कोलकाता से दिल्ली जाना पड़ा। आज दिल्ली में डायर और कर्जन के आधुनिक अवतार बैठे हैं तथा बंगाल को कठपुतली बनाकर यहां शासन करने की कोशिश कर रहे हैं।' जनरल आर. डायर ने 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के दौरान ब्रिटिश सेना का नेतृत्व किया था, जबकि लॉर्ड कर्जन भारत के वायसराय थे, जिन्होंने 1905 में तत्कालीन अविभाजित बंगाल का विभाजन किया था। व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बावजूद, औपनिवेशिक सरकार ने 1911 में बंगाल को पुनः एकीकृत कर दिया था। बनर्जी ने कड़े संदेश में कहा, 'बंगाल की सत्ता इसकी अपनी ही बेटी के हाथों में रहेगी। हम बंगालियों को खुद पर गर्व है। हम झुकेंगे नहीं। हम किसी भी दमनकारी शक्ति के सामने घुटने नहीं टेकेंगे।' उन्होंने भाजपा को चुनावी परिणामों की चेतावनी देते हुए कहा, 'बंगाल पर किए गए हर अपमान, इसके हर तिरस्कार, शोषण और उत्पीड़न के लिए, आपको चार मई को एक जोरदार '440 वोल्ट का झटका' लगेगा। तैयार रहें।' पूर्वी मेदिनीपुर के मोयना में रोड शो के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने भाजपा को चुनौती दी कि वह तृणमूल कांग्रेस सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं को उन राज्यों में लागू करे, जहां उसका (भाजपा का) शासन है। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित बिहार का जिक्र करते हुए आरोप लगाया, 'उन्होंने चुनाव से पहले महिलाओं को 10,000 रुपये दिए, फिर उनके घरों पर बुलडोजर भेजकर पैसे वापस मांगे। इन घटनाओं के वीडियो अब वायरल हो रहे हैं।'

## पहले चरण में मोदी-योगी की 11-11 रैलियां, शाह करेंगे 30 जनसभाएं

**❑ फिल्मी सितारे भी भाजपा के लिए प्रचार में उतरेंगे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंकते हुए 'भगवा शिविर' के पक्ष में एक व्यापक '360 डिग्री' प्रचार रणनीति तैयार की है। पार्टी ने पहले चरण के दौरान राज्य भर में कुल 500 जनसभाओं और पथसभाओं का लक्ष्य रखा है, जिसका आगाज बंगाली नववर्ष 'पायला बैसाख' के शुभ अवसर से होने जा रहा है। शाह ने न केवल बंगाल भाजपा की चार्जशीट और संकल्प पत्र के जरिए मोर्चा खोला है, बल्कि वे पहले चरण में रिकॉर्ड 30 चुनावी कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। उनके साथ ही बंगाल के मतदाताओं के बीच लोकप्रिय अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती भी 23 सभाओं के जरिए अपनी 'महागुरु' वाली छवि से वोटरों को साधेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद बंगाल के रण में प्रथम चरण में 11 बड़ी रैलियां करेंगे, इनमें से वे छह रैलियां और एक रोड शो कर चुके हैं। एक रैली दूसरे चरण वाले जिले में भी हो चुकी है। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भारी मांग को देखते हुए उनके लिए भी 11 कार्यक्रमों का खाका खींचा गया है। प्रचार अभियान को धार देने के लिए भाजपा ने स्मृति ईरानी 13, हिमंत बिस्व सरमा आठ और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा नौ रैलियों को संबोधित करेंगे। वहीं, कंगना रनौत और हेमा मालिनी जैसी फिल्मी हस्तियां भी जनसभाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश करेंगी। सांगठनात्मक मजबूती के लिए जहां एक ओर राजनाथ सिंह छह, जेपी नड्डा छह और नितिन गडकरी दो रैलियां करेंगे।

## बंगाल चुनाव में कांग्रेस का जोर, राहुल-प्रियंका अगले सप्ताह करेंगे प्रचार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने अपने प्रचार अभियान को तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा अगले सप्ताह राज्य में चुनावी सभाएं कर सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी बंगाली नववर्ष के आसपास राज्य दौरे पर आ सकते हैं और मुर्शिदाबाद में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने की संभावना है। इसके बाद 18 से 21 अप्रैल के बीच प्रियंका गांधी के भी बंगाल आने की खबर है।



प्रदेश कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि मुर्शिदाबाद, मालदा और पुरुलिया जिलों को केंद्र में रखकर दोनों नेताओं के कार्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। हालांकि, अभी तक सभाओं की तिथि और स्थान को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

इस बार कांग्रेस राज्य की सभी 294 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने अधीर चौधरी, शुभंकर सरकार और नेपाल महतो जैसे दिग्गज नेताओं को उम्मीदवार बनाया है। इनके समर्थन में राष्ट्रीय नेतृत्व को मैदान में उतारने की रणनीति बनाई गई है।

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने राहुल गांधी से श्रीरामपुर में भी प्रचार करने का अनुरोध किया है, क्योंकि वह स्वयं वहां से उम्मीदवार हैं।

राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा अजहरुद्दीन, सचिन पायलट और इमरान प्रतापगढ़ी जैसे अन्य राष्ट्रीय नेता भी बंगाल में चुनाव प्रचार में शामिल हो सकते हैं।

कांग्रेस को उम्मीद है कि इन बड़े चेहरों की मौजूदगी से चुनावी मुकाबले में उसे मजबूती मिलेगी।

## जोका में बनेगा ट्राइब्यूनल, न्यायाधीशों ने किया निरीक्षण, जल्द शुरू होगा काम

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को लेकर उत्पन्न अनिश्चितता के बीच ट्राइब्यूनल गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। जोका स्थित 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर एंड सैनिटेशन' परिसर में प्रस्तावित ट्राइब्यूनल के लिए रविवार को न्यायाधीशों ने पहुंचकर बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार, मतदाता सूची से बाहर किए गए बड़ी संख्या में लोगों के भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं। नियम के तहत मतदाता सूची पहले ही फ्रीज की जा चुकी है, जिससे प्रभावित लोगों के मतदान अधिकार को लेकर स्थिति अस्पष्ट बनी हुई है। इस मुद्दे पर सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अहम निर्देश जारी किए जाने की संभावना है।



इधर, न्यायिक स्तर पर ट्राइब्यूनल गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, जोका स्थित संस्थान में ट्राइब्यूनल स्थापित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशों ने वहां उपलब्ध सुविधाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बताया जा रहा है कि आगामी कुछ दिनों के भीतर ट्राइब्यूनल पूरी तरह से कार्य शुरू कर देगा। इससे मतदाता सूची से संबंधित विवादों के समाधान में तेजी आने की उम्मीद है।

चुनाव के पहले चरण से ठीक पहले इस पहल को काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे उन लोगों को राहत मिल सकती है जिनके नाम सूची से हटाए गए हैं।

## मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

उच्चतम न्यायालय राज्य में होने वाले चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवायी करने वाला है। उच्चतम न्यायालय की 13 अप्रैल की कार्यसूची के अनुसार, इन याचिकाओं पर सुनवाई प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ द्वारा की जाएगी। बता दें कि उच्चतम न्यायालय ने 10 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को 'फ्रीज' करने को चुनौती देने वाली लंबित याचिकाओं के साथ-साथ एक नयी याचिका पर 13 अप्रैल को सुनवाई करने पर सहमति जतायी थी। निर्वाचन आयोग ने पहले चरण में मतदान वाली विधानसभा सीट के लिए नौ अप्रैल को मतदाता सूचियों को उन्हें अंतिम रूप देने के साथ ही उन्हें 'फ्रीज' कर दिया था। मतदाता सूचियों को 'फ्रीज' करने का मतलब है कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है, उन्हें इस विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही पीठ पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर कवायद में लगे सात न्यायिक अधिकारियों के 'घेराव' से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई भी सोमवार को करेगी।

## बीमारी से उबरते ही प्रचार में लौटे सुजीत बोस, भव्य रैली से बढ़ाई चुनावी सरगर्मी

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव के बीच तृणमूल कांग्रेस के बिधाननगर सीट से प्रत्याशी सुजीत बोस ने बीमारी से उबरते ही एक बार फिर जोरदार अंदाज में चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। दो दिन तक अस्वस्थ रहने के कारण प्रचार से दूर रहने के बाद रविवार सुबह उन्होंने मैदान में वापसी करते हुए एक विशाल रैली निकाली।

बताया गया है कि स्वास्थ्य खराब होने के चलते सुजीत बोस बाइपास के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। स्वस्थ होने के बाद उन्होंने सॉल्टलेक के पीएनबी मोड़ से ढाक-ढोल और धामसा-मादल की धुन के साथ भव्य जुलूस की शुरुआत की।

इस रैली में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।



खास तौर पर महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने राज्य सरकार की लोकप्रिय योजना 'लक्ष्मी भंडार' के समर्थन में रैली में हिस्सा लिया। करीब एक हजार समर्थकों की मौजूदगी में यह जुलूस सॉल्टलेक के विभिन्न इलाकों से गुजरते हुए आईए मार्केट पर जाकर समाप्त हुआ।

सुजीत बोस की इस सक्रिय वापसी से बिधाननगर क्षेत्र में चुनावी माहौल और अधिक गर्म हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी इस रैली ने चुनावी मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है।

# सही मायने में समावेशी शासन लाने के लिए भाजपा को वोट दें : योगी आदित्यनाथ

### कहा... 'वोट के सौदागार बंगाल की डेमोग्राफी बदलना चाहते हैं, दंगाइयों का इलाज सिर्फ भाजपा के पास'

### कहा... 'टीएमसी का नया मतलब तुष्टिकरण, माफिया राज और कटमनी'

**बांकुड़ा :** पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की नीति अपनाए जाने का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोगों से राज्य में 'डबल इंजन' की सरकार के लिए मतदान करने की अपील की, ताकि वास्तव में एक समावेशी शासन व्यवस्था स्थापित हो सके। इस दिन, बांकुड़ा जिले के सोनामुखी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि बंगाल को स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण परमहंस की भूमि के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने देश की आध्यात्मिकता को समृद्ध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लेकिन तृणमूल कांग्रेस सरकार विश्व स्तर पर पूजनीय आध्यात्मिक प्रतीकों का अनादर करती है, जिससे राज्य की हिंदू पहचान को खतरा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि बंगाल अब 'गुंडागर्दी' का अड्डा बन गया है, जो उत्तर प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आने से पहले आम बात थी। उत्तर प्रदेश में विकास और प्रगति की कमी थी, लेकिन अब बदलाव देखिए। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में तुष्टीकरण नहीं, बल्कि 'समावेशी हिंदू धर्म' है, जहां हर समुदाय सुरक्षित वातावरण में शांतिपूर्वक रह सकता है। उन्होंने कहा कि हर महीने कर्फ्यू लगता था। लेकिन 2017 से, जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा सत्ता में आई है, तब से न तो कर्फ्यू लगा है और न ही दंगे हुए हैं। सभी माफियाओं के साथ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाते हुए वही बर्ताव किया गया है, जिसके वे काबिल थे। अब उत्तर प्रदेश भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि वंदे मातरम् ने भारतीयों में आध्यात्मिक जागृति पैदा की। उन्होंने कहा कि भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के मूल्यों और आदर्शों का प्रचार-प्रसार हो और उनके योगदान को उचित तरीके से याद किया जाए। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा बंगाल में सरकार बनाएगी और अत्याचार, बलात्कार और हत्याएं अतीत की बातें हो जाएंगी। योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि भाजपा के कई कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई और तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने उनके हाथ काट दिए। इन गुंडों से उचित तरीके से निपटा जाएगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए उन्होंने दावा किया कि वह पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्याओं पर चुप रहीं, जबकि भाजपा नेताओं ने ऐसे हमलों की निंदा करते हुए बयान जारी किए। योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि वह इसलिए चुप रहीं, क्योंकि उन्हें बंगाल में अपना वोट बैंक खोने का डर है। आदित्यनाथ ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन के दौरान घुसपैठ के कारण पश्चिम बंगाल में जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य की पहचान की रक्षा करेगी और इसके समावेशी स्वरूप को बरकरार रखेगी। आदित्यनाथ ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के लिए बंगाल से कई 'कारसेवक' अयोध्या गए थे। उन्होंने कहा कि विडंबना यह है कि तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी ने राम मंदिर आंदोलन का समर्थन नहीं किया। इससे उनका असली चेहरा उजागर हो गया है। राज्य के किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी कृषि उपज के लिए उचित समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल के किसानों को फसलों की कीमतें उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में मिलने वाली राष्ट्रीय दर के बराबर मिलनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, लेकिन पश्चिम बंगाल की स्थिति देखकर उन्हें दुख हुआ। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों लोगों को घर मिले हैं और हर जगह पीने का पानी उपलब्ध है। लेकिन बंगाल की स्थिति देखकर हमें दुख होता है। भाजपा के सत्ता में आने पर बंगाल में भी ऐसे ही विकास होंगे।



## बंगाल में चुनावी माहौल गरम, सभी दलों ने जीत के लिए पूरी ताकत झोंकी

**❑ हर पार्टी फुल एक्शन में, चुनावी मुकाबला हुआ हाई-वोल्टेज**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 की प्रक्रिया पूरे जोर-शोर से चल रही है। राज्य का माहौल पूरी तरह चुनावी हो चुका है और सभी राजनीतिक दलों ने जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। राज्य में मतदान 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होगा। इस चुनाव में सबसे ज्यादा नजरें हाई-प्रोफाइल सीटों पर हैं। नरेंद्र मोदी समेत भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं, जबकि ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) भी लगातार जनता के बीच पहुंचकर अपनी योजनाओं और उपलब्धियों को सामने रख रही है। बीजेपी जहां भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और रोजगार को मुद्दा बना रही है, वहीं टीएमसी विकास योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा को अपनी ताकत के रूप में पेश कर रही है। राज्य में जनता के बीच भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। गांवों से लेकर शहरों तक रैलियों में भीड़ उमड़ रही है और लोग खुलकर अपनी राजनीतिक राय रख रहे हैं।

हालांकि, इस बार चुनाव को लेकर अनिश्चितता भी बढ़ गई है। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान करीब 90 लाख नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाने की चर्चा ने राजनीतिक माहौल को और गरमा दिया है। विपक्ष इसे बड़ा मुद्दा बना रहा है और ऐसे में यह कहना मुश्किल हो गया है कि इस बार चुनाव परिणाम किस दिशा में जाएंगे। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती, संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी और पुलिस अधिकारियों के तबादले जैसे कदम उठाए हैं। बावजूद इसके, कुछ जगहों पर तनाव और झड़प की खबरें भी सामने आई हैं। कुल मिलाकर, पश्चिम बंगाल में चुनावी मुकाबला अपने चरम पर है, जहां हर पार्टी पूरी ताकत से मैदान में है, जनता में जोश है, लेकिन नतीजों को लेकर सस्पेंस भी बना हुआ है।

## नेताजी के प्रपौत्र चंद्र कुमार बोस टीएमसी में शामिल, भाजपा को बताया 'ऐतिहासिक गलती'

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले सूबे की सियासत में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रपौत्र चंद्र कुमार बोस ने भाजपा का साथ छोड़कर तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया है। रविवार को कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान टीएमसी के वरिष्ठ नेता कीर्ति आजाद और ब्रात्य बसु की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। तृणमूल का झंडा थामने के बाद चंद्र कुमार बोस ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम का इस्तेमाल तो करती है, लेकिन उनके सिद्धांतों पर नहीं चलती। उन्होंने कहा कि भाजपा में नेताजी के विजन के साथ काम करना नामुमकिन था।



वहां की कार्यशैली ने मुझे नेताजी के आदर्शों पर चलने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाया कि आज देश में सांप्रदायिक नफरत और विभाजन की राजनीति चरम पर है, जिसका नेतृत्व भाजपा कर रही है। चंद्र कुमार बोस ने बंगाल और देश की जनता का आह्वान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है, जब विभाजनकारी राजनीति को रोका जाये। उन्होंने कहा- यह समय केवल चुनाव लड़ने का नहीं, बल्कि भारत को बचाने का है। भाजपा जिस तरह की बांटने वाली राजनीति कर रही है, उसे खत्म करने की जरूरत है। अब लड़ाई शुरू हो चुकी है।

### नंदीग्राम हिंसा मामले में 43 टीएमसी नेताओं को एनआईए का नोटिस

**❑ लैंड बैंक हिंसा मामले में 17 अप्रैल को पेशी का निर्देश**

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता**

विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम की सियासत गरमा गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लैंड बैंक को लेकर हुई हिंसा के मामले में नंदीग्राम के 43 तृणमूल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी किया है, जिसके बाद राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। जानकारी के अनुसार, एनआईए ने नंदीग्राम-1 ब्लॉक के तृणमूल कोर कमेटी सदस्य बाप्पादित्य गर्ग, शमसुल इस्लाम सहित पंचायत समिति के सदस्यों, क्षेत्रीय अध्यक्षों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को नोटिस भेजा है। इन सभी को 17 अप्रैल को कोलकाता स्थित एनआईए कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है कि कई नेताओं के घर पर जाकर भी नोटिस दिए गए हैं। तमलुक संगठनात्मक जिला तृणमूल के अध्यक्ष सुजीत कुमार राय ने कहा कि चुनाव के ठीक पहले जानबूझकर उनके नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है, ताकि चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो सके। तृणमूल का दावा है कि जो लोग चुनाव संचालन में सक्रिय हैं, उन्हें ही चुन-चुनकर नोटिस भेजे गए हैं। नंदीग्राम इस बार भी हाई-प्रोफाइल सीट बनी हुई है। यहां भाजपा की ओर से नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी उम्मीदवार हैं, जबकि तृणमूल ने उनके पूर्व करीबी पवित्र कर को मैदान में उतारा है।

# अवैध कोयला खनन मामले में ईडी ने पांच आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने अवैध कोयला खनन और उससे जुड़े व्यापक आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को विशेष न्यायालय (पीएमएलए) के समक्ष एक अभियोजन शिकायत (प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट) दायर की है। यह शिकायत चिन्मय मंडल, किरण खान समेत पांच आरोपियों



के खिलाफ दर्ज की गई है। इन पर अवैध कोयला खनन, चोरी, अवैध परिवहन, कोयले की गैरकानूनी बिक्री, जाली दस्ता-वेजों के उपयोग और जबरन वसूली जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। बता दें कि ईडी ने इस मामले की जांच ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस की शिकायतों के आधार पर शुरू की थी। जांच का आधार दुर्गापुर-आसनसोल क्षेत्र के विभिन्न थानों में दर्ज 54 एफआईआर बनीं। जांच में सामने आया कि चिन्मय मंडल, किरण खान और उनके सहयोगी एक संगठित कोयला सिंडिकेट का हिस्सा थे, जो इस पूरे क्षेत्र में सक्रिय था और अवैध गतिविधियों को संगठित तरीके से अंजाम दे रहा था। ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि यह सिंडिकेट झारखंड से पश्चिम बंगाल तक अवैध रूप से कोयले के परिवहन और उसकी बिक्री में शामिल था। जांच में पाया गया कि यह वसूली 275 रुपए प्रति टन से लेकर 1,500 रुपए प्रति टन तक होती थी, जो कोयले के वास्तविक मूल्य का लगभग 20 से 25 प्रतिशत तक थी। इस संगठित अवैध वसूली के चलते बड़ी मात्रा में आवंटित कोयला बिना उठाए ही रह गया, जिससे ईसीएल को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। पिछले पांच वर्षों में इस सिंडिकेट द्वारा अर्जित 'अपराध की आय' (पीओसी) का अनुमान 650 करोड़ रुपए से अधिक लगाया गया है।

## बकाया डीए भुगतान की प्रक्रिया तेज, विभागों को एसओपी भेजने का निर्देश

**कोलकाता :** राज्य सरकार ने अधीनस्थ संस्थानों के कर्मचारियों को बकाया महंगाई भत्ता (डीए) भुगतान की प्रक्रिया को तेज करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी कड़ी में वित्त विभाग ने संबंधित विभागों को स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार कर भेजने का निर्देश दिया है। यह एसओपी 13 अप्रैल तक जमा करने को कहा गया है।

जानकारी के अनुसार, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, जनशिक्षा प्रसार व पुस्तकालय सेवा, नगर विकास, परिवहन, अल्पसंख्यक मामले एवं मदरसा शिक्षा तथा पंचायत व ग्रामीण विकास विभागों से यह एसओपी मांगा गया है।

नबन्ना सूत्रों के मुताबिक, इन विभागों से एसओपी प्राप्त होते ही



बकाया डीए और डीआर (महंगाई राहत) भुगतान की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके साथ ही पारिवारिक पेंशनभोगियों को भी बकाया डीए और डीआर देने की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

इस संबंध में प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल (अकाउंट्स एंड एंटाइटलमेंट), पश्चिम बंगाल द्वारा जारी अधिसूचना में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बकाया राशि को सीधे पेंशनभोगियों के बैंक खातों में स्थानांतरित करने के लिए एक विशेष डिजिटल प्रणाली लागू की जा रही है।

इसके तहत प्रत्येक पेंशनभोगी के लिए अलग-अलग लेखा तैयार किया जा रहा है, जिसकी निगरानी प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल के स्तर पर की जा रही है। वहीं, कोलकाता नगर निगम क्षेत्र के बैंकों के माध्यम से पेंशनभोगियों के आंकड़े जुटाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

राज्य सरकार के इस कदम से कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लंबे समय से लंबित डीए भुगतान मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

## ईडी ने सोना पप्पू केस में एक व्यवसायी एवं एक पुलिस अधिकारी को पूछताछ के लिए जारी किया समन

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विश्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू से जुड़े मामले में हावड़ा के ज्वाइंट कमिश्नर गौरव लाल और भू माफिया जॉय कामदार को समन जारी किया है। दोनों से सोमवार को कोलकाता में पूछताछ हो सकती है। ईडी से जुड़े सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ईडी ने हावड़ा के ज्वाइंट कमिश्नर गौरव लाल और भूमाफिया जॉय कामदार को सोमवार को कोलकाता स्थिति ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है। वहीं, टीएमसी के नेता भी इस मामले में जांच के दायरे में हैं। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में कई टीएमसी नेताओं की भूमिका भी सामने आ रही है, जिसके कारण वे जांच के दायरे में है।

## एसआईआर के तहत मताधिकार छिनने से अन्य अधिकारों पर भी असर संभव: प्रशांत भूषण

**कोलकाता, समाज्ञा :** जाने-माने वकील प्रशांत भूषण ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने पर रविवार को चिंता जताई और कहा कि इसके बाद प्रभावित लोगों से दूसरे अधिकार भी छीने जा सकते हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में एसआईआर के बाद करीब 91 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। भूषण ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि इन घटनाक्रमों से व्यापक स्तर पर लोगों को मताधिकार से वंचित करने के प्रयास का संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार सभी अन्य लोकतांत्रिक अधिकारों की आधारशिला है। उन्होंने कहा, यदि मतदान का अधिकार छीन लिया जाता है, तो इससे अन्य अधिकारों के कमजोर या समाप्त होने का रास्ता खुल जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में मौजूद राजनीतिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव ने आगाह किया कि एसआईआर प्रक्रिया के जरिये लाखों मतदाताओं के नाम हटाए जाने का असर केवल मताधिकार से वंचित करने तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि अन्य पहचान-आधारित अधिकारों पर भी पड़ सकता है। उन्होंने दावा किया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, वे अन्य पहचान प्रणालियों में जांच के दायरे में आने वाले शुरुआती लोग हो सकते हैं। यादव ने कहा, आज यह मतदाता सूची है। कल आधार जैसे पहचान दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए जा सकते हैं।जिनका नाम पहले ही सूची से हटा दिया गया है, वे सबसे पहले प्रभावित हो सकते हैं।

## तृणमूल बंगाल चुनावों में हार के डर से एसआईआर को लेकर बेवजह हंगामा कर रही : मिथुन चक्रवर्ती

**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मिथुन चक्रवर्ती ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार किया गया था, और उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर विधानसभा चुनावों में हार के डर से इस प्रक्रिया को मुद्दा बनाने का आरोप लगाया। चक्रवर्ती ने कहा कि एसआईआर किसी के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता है। उन्होंने पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक रोड शो के दौरान 'पीटीआई-वीडियो' को बताया, किसी अन्य राज्य में एसआईआर कोई मुद्दा नहीं है। इसे संविधान के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित किया गया है। तमिलनाडु में यह



सुचारू रूप से संपन्न हुआ। पश्चिम बंगाल को छोड़कर कहीं और कोई समस्या नहीं थी। चक्रवर्ती ने दावा किया, पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार एसआईआर को लेकर हंगामा कर रही है, क्योंकि उन्हें (पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को) हार का डर सता रहा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे। मतगणना चार मई को होगी।

## प्रस्तावकों की कमी से निर्दलीय उम्मीदवार राजन्या हलदार का नामांकन रद्द

**आसनसोल :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच आसनसोल दक्षिण सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार राजन्या हलदार का नामांकन रद्द हो गया है। निर्धारित संख्या में प्रस्तावक उपलब्ध न होने के कारण उनका पर्चा जांच के दौरान खारिज कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, नामांकन दाखिल करने के समय राजन्या हलदार के साथ उनके छह प्रस्तावक मौजूद नहीं थे। नियमानुसार किसी निर्दलीय उम्मीदवार के लिए कम से कम छह प्रस्तावकों का होना अनिवार्य है। हालांकि समय समाप्त होने से पहले वह केवल चार प्रस्तावकों के साथ ही नामांकन दाखिल कर सकीं, जिसके चलते स्क्रूटनी में उनका नामांकन अमान्य घोषित कर दिया गया। बताया गया है कि राजन्या हलदार ने पहले से छह प्रस्तावकों की व्यवस्था की थी, लेकिन नामांकन के समय वे मौके पर नहीं पहुंच सके। बाद में जल्दबाजी में नए प्रस्तावकों को लाने की कोशिश की गई, लेकिन वे भी समय पर नामांकन कक्ष तक नहीं पहुंच पाए। राजन्या हलदार ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोगों ने उनके प्रस्तावकों को रोक कर रखा, जिसके कारण वे समय पर नहीं पहुंच सके। हालांकि भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस से दूरी बनाने के बाद राजन्या हलदार ने इस बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया था। उन्होंने सोनारपुर दक्षिण के साथ-साथ आसनसोल दक्षिण सीट से भी चुनाव लड़ने की घोषणा की थी, लेकिन आसनसोल दक्षिण में उनका नामांकन रद्द होने से उनके चुनावी अभियान को बड़ा झटका लगा है।



बेलगछिया पश्चिम विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी रितेश तिवारी चुनाव प्रचार के दौरान चुन्नी बाबू बाजार के पास एक क्लब में कैरम खेलते हुए।



सचेतन नागरिक मंच के जागरूकता अभियान के तहत जोड़ासांको विधानसभा के वार्ड 22 में मतदाताओं को 100% मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## तनिष्क का नया 'ह्यूज' कलेक्शन, प्राकृतिक जेमस्टोन ज्वेलरी में नया ट्रेंड

**कोलकाता, समाज्ञा :** तनिष्क ने पोइला बैसाख और अक्षय तृतीया के अवसर पर 'ह्यूज' नामक नई ज्वेलरी कलेक्शन लॉन्च किया है। यह कलेक्शन 100% प्राकृतिक रंगीन रत्नों पर आधारित है और भारत में तेजी से बढ़ती जेमस्टोन ज्वेलरी कैटेगरी को नया आकार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस कलेक्शन के जरिए प्रामाणिकता और डिजाइन-आधारित सौंदर्य को बढ़ावा देना है। 'ह्यूज' को आधुनिक बंगाली महिलाओं की बदलती पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो अब व्यक्तिगतता और विशिष्टता को प्राथमिकता देती हैं। कोलकाता में आयोजित भव्य लॉन्च इवेंट में अभिनेत्री



मिमी चक्रवर्ती ने रैंप पर कलेक्शन को प्रदर्शित किया। वहीं, आलोक रंजन, सर्कल बिजनेस हेड, ई1, तनिष्क ने कहा, ह्यूज बंगाल की सांस्कृतिक समझ और बदलती उपभोक्ता जरूरतों का प्रतिबिंब है। आज ग्राहक डिजाइन-आधारित और अभिव्यक्तिपूर्ण ज्वेलरी की ओर बढ़ रहे हैं। यह कलेक्शन आधुनिक बंगाली महिला की विविध पहचान और उसकी आत्म-अभिव्यक्ति का उत्सव है। 'ह्यूज' 18 कैरेट सोने में तैयार किया गया है, जिसमें पन्ना, अमेथिस्ट, सिट्रीन, टूरमालिन और टेंजेनाइट जैसे प्राकृतिक रत्न शामिल हैं। इसकी शुरुआती कीमत 30,000 रखी गई है। कंपनी ने एक्सचेंज ऑफर और लाइफटाइम मेंटेनेंस जैसी सुविधाएं भी दी हैं।

## शाओमी ने रेडमी नोट 15 स्पेशल एडीशन किया लॉन्च, प्रीमियम फीचर्स से लैस

**कोलकाता, समाज्ञा :** शाओमी इंडिया ने रेडमी नोट 15 स्पेशल एडीशन स्मार्टफोन लॉन्च किया है, जिसे प्रीमियम डिजाइन और उन्नत फीचर्स के साथ पेश किया गया है। यह डिवाइस 6.77 इंच के कर्व्ड एमोल्ड डिस्प्ले, एफएचडी+ रिजॉल्यूशन और 120एचजेड रिफ्रेश रेट के साथ आता है, जो शानदार विजुअल अनुभव देता है। स्मार्टफोन स्नैपड्रैगन 6 जेन 3 प्रोसेसर पर आधारित है, जिससे मल्टीटास्किंग और गेमिंग स्मूथ रहती है। इसमें 50एमपी का एआई डुअल रियर कैमरा और 20एमपी फ्रंट कैमरा दिया गया है। 5800एमएएच बैटरी और 45डबल्यू फास्ट चार्जिंग इसकी बड़ी खासियत है। डिवाइस में डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट, 5जी कनेक्टिविटी और एआई फीचर्स भी शामिल हैं। यह तीन वेरिएंट में उपलब्ध है, जिसकी शुरुआती प्रभावी कीमत 17,999 रुपये है। रेडमी नोट 15 एसई की बिक्री 7 अप्रैल 2026 से फ्लिपकार्ट और एमआई.कॉम पर शुरू होगी।

## समर्या क्रिएशन ने सामेर अंजान के साथ लॉन्च किया 'औमोरा म्यूजिक'

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की क्रिएटर इकॉनमी में एक नई पहल के तहत समर्या क्रिएशन ने औमोरा म्यूजिक नामक नए म्यूजिक लेबल का आधिकारिक लॉन्च मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित द क्लब में किया। इस लेबल के संस्थापक पार्टनर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डधारी गीतकार सामेर अंजान हैं। कंपनी के अनुसार यह प्लेटफॉर्म कलाकार-प्रधान सोच पर आधारित है, जहां संगीत की दिशा कलाकार तय करेंगे, न कि एल्गोरिदम। चार दशकों में 4,000 से अधिक गीत लिख चुके सामेर अंजान यहां निर्माता की भूमिका में हैं। औमोरा म्यूजिक 150 से अधिक प्लेटफॉर्म्स पर 19 ट्रैक्स के साथ सक्रिय है और 150 से अधिक मूल रचनाएं रिलीज के लिए तैयार हैं। इसमें बॉलीवुड, भक्ति, लोक, रैप और पॉप जैसे विविध जॉनर शामिल हैं। लेबल का पहला प्रमुख आर्टिस्ट जेक्सेलजय है, जिसका असली नाम अजय है। कंपनी ने 2026 से 2032 तक 500 से अधिक ट्रैक्स और अंतरराष्ट्रीय कॉन्सर्ट्स की योजना बनाई है।

## शाओमी ने प्रीमियम डिज़ाइन और पूरे दिन चलने में सक्षम बैटरी के साथ रेडमी नोट 15 स्पेशल एडीशन लॉन्च किया

**कोलकाता :** शाओमी इंडिया ने रेडमी नोट 15 स्पेशल एडीशन के लॉन्च की घोषणा की। यह एक ऐसा स्मार्टफ़ोन है जो बेहतरीन डिज़ाइन, शानदार विज़ुअल्स और स्मार्ट फ़ीचर्स को एक ऐसे फॉर्म फैक्टर में एक साथ लाता है जो यूज़र्स के जीने, कुछ नया बनाने और जुड़े रहने के तरीके के हिसाब से बनाया गया है। रेडमी नोट 15 स्पेशल एडीशन में 6.77-इंच का कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले है, जिसका एफएचडी+ रिज़ॉल्यूशन और 120कतक का रिफ़्रेश रेट है। यह ब्राउज़िंग, स्ट्रीमिंग और गेमिंग के दौरान स्मूथ विज़ुअल्स सुनिश्चित करता है। 3200 निट्स तक की पीक ब्राइटनेस और वाइड कलर गैमट के सपोर्ट के साथ, यह डिस्प्ले अलग-अलग तरह की रोशनी में भी साफ़ और चमकदार बना रहता है - चाहे आप घर के अंदर देख रहे हों या बाहर तेज़ रोशनी में।

## बेहाला पश्चिम में तृणमूल की कार्यकर्ता सभा, रत्ना चटर्जी के समर्थन में जुटे हजारों लोग

**कोलकाता :** आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर बेहाला पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की ओर से एक विशाल कार्यकर्ता सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का उद्देश्य पार्टी प्रत्याशी श्रीमती रत्ना चटर्जी को भारी मतों से विजयी बनाना था।

ठाकुरपुकुर से तारातला तक ऑटो ऑपरेटर यूनियन के नेता मनोज सिंह के नेतृत्व में एक विशाल रैली निकाली गई। तारातला मोड़ से बोस डॉक्टर मोड़ तक निकली इस रैली में करीब 1000 कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। रैली के बाद आयोजित सभा में बड़ी संख्या में तृणमूल समर्थकों की उपस्थिति देखी गई।

सभा में मुख्य रूप से तृणमूल कांग्रेस की प्रत्याशी रत्ना चटर्जी



मौजूद रहीं। इसके अलावा 119 नंबर वार्ड की पार्षद काकुली बाग, तृणमूल नेता शक्तिपद मंडल, 118 नंबर वार्ड के पार्षद तारक सिंह और कृष्णानगर की सांसद महुआ मोइत्रा सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए नेत-ाओं ने आगामी 29 अप्रैल को होने वाले मतदान में तृणमूल कांग्रेस को भारी समर्थन देने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि राज्य में विकास की धारा को जारी रखने के लिए पार्टी की जीत जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान पूरे इलाके में चुनावी उत्साह का माहौल देखा गया और कार्यकर्ताओं ने जीत के प्रति विश्वास जताया।

## पूर्व रेलवे की बड़ी कार्रवाई, झूठी कॉल करने वाला यात्री गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेन में बम होने की झूठी सूचना देने वाले आरोपी को महज 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। यह घटना 10 अप्रैल की है, जब 54 वर्षीय प्रदीपन भट्टाचार्जी अपनी पत्नी के साथ हावड़ा से अमृतसर जाने वाली 13005 अप हावड़ा-अमृतसर मेल ट्रेन पकड़ने पहुंचे, लेकिन ट्रेन छूट चुकी थी। बताया जा रहा है कि ट्रेन छूटने के बाद घबराहट में आरोपी ने रेलवे हेल्पलाइन 139 पर कॉल कर उसी ट्रेन में बम होने की झूठी सूचना दे दी। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन, आरपीएफ और जीआरपी हरकत में आ गए और सुरक्षा के मद्देनज़र ट्रेन को चंदनपुर स्टेशन पर रोका गया।

इसके बाद, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड सहित करीब 40 सदस्यीय टीम ने ट्रेन की सघन तलाशी ली। डिब्बे-दर-डिब्बे जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि सूचना पूरी तरह झूठी थी, जिसके बाद ट्रेन को सुरक्षित रवाना कर दिया गया। घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। तकनीकी निगरानी और विभिन्न रेलवे मंडलों के समन्वय से संदिग्ध की पहचान की गई और उसे पटना के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि इस तरह की झूठी शिकायतें गंभीर अपराध हैं, जिससे न केवल यात्रियों में दहशत फैलती है बल्कि रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था और संसाधनों पर भी असर पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाती है और दोषी को कड़ी सजा मिल सकती है।

## बनगांव में बीजेपी के प्रचार के दौरान हंगामा, तृणमूल समर्थकों पर बाधा देने का आरोप

**कोलकाता :** बनगांव उत्तर सीट पर चुनावी प्रचार के दौरान बीजेपी उम्मीदवार अशोक कीर्तनिया को विरोध का सामना करना पड़ा, जहां तृणमूल समर्थकों पर बाधा डालने का आरोप लगा है। इस घटना को लेकर दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। तृणमूल समर्थकों ने बीजेपी उम्मीदवार के खिलाफ गो बैक के नारे लगाए, जबकि बीजेपी समर्थकों ने भी जवाब में नारेबाजी की। बीजेपी उम्मीदवार अशोक कीर्तनिया ने आरोप लगाया कि 500 रुपये देकर कुछ महिलाओं को उनके प्रचार में बाधा डालने के लिए भेजा गया था और यह पूरी घटना पूर्व-नियोजित थी। हालांकि, राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए पलटवार किया है। तृणमूल का कहना है कि उनके प्रचार के दौरान बीजापी कार्यकर्ता पुलिस और केंद्रीय बलों के साथ मिलकर उनके समर्थकों पर हमला कर रहे थे और बीजेपी के पास प्रचार की अनुमति भी नहीं थी। बाद में पुलिस और केंद्रीय बलों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया।





हावड़ा मध्य विधानसभा केंद्र से भाजपा प्रत्याशी बिप्लब मंडल और तृणमूल प्रत्याशी अरूप राय ने किया चुनाव प्रचार।

**FORMAT C-1**
**(For Candidate to Publish in Newspapers, TV)**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25 September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 – *Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.*)

**Name and address of candidate** : MO SAHAJAHAN ALI

Village- DHARAPUR, TRIMOHINI PO- MOTHABARI, DIST-MALDA

**Name of political party** : ALL INDIA SECULAR FRONT

**Name of Election** : West Bengal Legislative Assembly Election

**Name of Constituency** : 52, MOTHABARI (GENERAL)

I, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of court | Case No. & Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | C.J. M. Court, Malda (WB) | Mothabari P.S. Case no.256/2026 dated 02.04.2026 | Pending | 189(2)/190/221/223/924/121/221(2)/132/109/126(2)/127(2)/324(4)/351(2) of BNS and read with Sec.3 PDPP Act, 1984 & 9 MP(OO) Act, 1972<br>Brief description of offence: NOT APPLICABLE |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |

**Note:** The above information is as per Sections 5 and 6 of the candidate's affidavit filed along with the nomination paper for the West Bengal Legislative Assembly Election – 2026 from 52, Mothabari (General) Constituency. There is **one pending criminal case** and **no cases of conviction**. Charges have not been framed in the pending case.

This declaration is being published as required under the Hon'ble Supreme Court's directions.

---

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and up to two days before the date of poll**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**
*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011)*

**Name and address of candidate:** HAZRAT ALI, Vill. & P.O. Dhitora, P.S. Murarai, Dist. Birbhum, West Bengal

**Name of political party:** ALL INDIA SECULAR FRONT

**Name of Election:** West Bengal Legislative Assembly Election

***Name of Constituency:** 294 – MURARAI

I, **HAZRAT ALI**, a candidate for the above-mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending Criminal Cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Murarai P.S. Case (Pending before Ld. A.C.J.M, Rampurhat, Birbhum) | Murarai P.S. Case No. 89/2025 dated 12.10.2025; G.R. Case No. 2157/2025 | Pending | U/s. 126(2), 115(2), 74, 325 of BNS – Allegations of leading of rioting, causing bodily harm and physical assault |
| 2 | Murarai P.S. Case (Pending before Ld. A.C.J.M, Rampurhat, Birbhum) | Murarai P.S. Case No. 08/2025 | Pending | U/s. 126(2), 115(2), 74, 325 of BNS – Allegations of rioting and physical assault |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

---



# बेलूर में विवाद के बीच कैलाश मिश्रा का बयान–'संस्कृति की रक्षा करूंगा'

**हावड़ा :** बेलूर के मतवाला चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में चल रहे वार्षिक हरिनाम संकीर्तन को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार कैलाश मिश्रा ने आरोप लगाया है कि विपक्षी दल द्वारा धार्मिक आयोजन को रोकने की कोशिश की गई। जानकारी के अनुसार, प्राप्त शिकायत के आधार पर चुनाव आयोग की टीम और केंद्रीय बलों की तैनाती की बात सामने आई, जिसके बाद स्थिति की जांच की गई। हालांकि, मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि वहां किसी प्रकार का राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि श्रद्धा के साथ हरिनाम संकीर्तन चल रहा था।



इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल उम्मीदवार कैलाश मिश्रा ने कहा, भजन बंद नहीं होगा, जरूरत पड़े तो मुझे गिरफ्तार कर लो, लेकिन बंगाल की संस्कृति और धार्मिक परंपरा के साथ छेड़छाड़ नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे पहले मंदिर समिति के सदस्य रह चुके हैं और यह आयोजन पहले की तरह जारी रहेगा। उन्होंने विपक्षी दल पर आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग बाहर जाकर दावा करते हैं कि बंगाल में धार्मिक गतिविधियां नहीं होतीं, वहीं, अब परंपरागत आयोजनों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, इस पूरे मामले पर विपक्षी दल की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**Name Change**

I, Bandana Kumari Singh, wife of Rakesh Kumar Singh, residing at 28A, Gadadhar Bhatta Road, Bhattanagar, Suryanagar, Liluah, Howrah-711203, do hereby solemnly affirm and declare that my son actual name is R B Mayank Singh DOB 25th November 2013 and R B Mayank and R B Mayank Singh is the same and one identical person via affidavit before the 1st Class Judicial Magistrate at Howrah dated 24th December 2025.

**भुवनेश्वर–कोलकाता–भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन**

आगामी ग्रीष्म मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 08401/08402 **भुवनेश्वर–कोलकाता–भुवनेश्वर** स्पेशल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

| भुवनेश्वर–कोलकाता | | | (08401) (08402) | कोलकाता–भुवनेश्वर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| मंगल | – | 00.50 | ↓ भुवनेश्वर | 00.45 | – | बुध |
| | 03.03 | 03.05 | भद्रक | 22.12 | 22.14 | मंगल |
| | 05.59 | 06.04 | खड़गपुर जंक्शन | 19.30 | 19.35 | |
| | 06.44 | 06.46 | मेचेदा | 18.48 | 18.50 | |
| | 09.15 | – | कोलकाता ↑ | – | 17.10 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नराज मार्थापुर, जाजपुर केन्दुझर रोड, बालेश्वर और जलेश्वर स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथियाँ/दिन: 08401 भुवनेश्वर से** और **08402 कोलकाता से** दिनांक 14/04, 21/04 एवं 28/04/2026 (मंगलवार) को = 03 ट्रिप। **गठन:** एसी 2-टियर: 01, एसी 3-टियर: 04, शयनयान श्रेणी: 07, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस): 04 और एसएलआरडी: 02 = 18 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-मालदा टाउन-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्पेशल ट्रेन**

गर्मी के मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **08871/08872 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-मालदा टाउन-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समय-सारिणी, ठहराव, यात्रा की तारीख और गठन के अनुसार चलाई जायेंगी:

| नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-मालदा टाउन | | | (08871) (08872) | मालदा टाउन-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तारीख | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तारीख |
| 19/4, 20/4, 26/4 | – | 00.30 | ↓ नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी | 17.00 | – | 21/4, 22/4, 28/4 |
| | 10.15 | 10.25 | बिलासपुर जं. | 09.20 | 09.30 | |
| | 21.20 | 21.25 | खड़गपुर जं. | 22.40 | 22.45 | 20/4, 21/4, 27/4 |
| | 23.10 | 23.15 | आन्दुल | 21.08 | 21.13 | |
| 20/4, 21/4, 27/4 | 00.23 | 00.25 | डानकुनी जं. | 18.30 | 18.32 | |
| | 01.17 | 01.20 | बर्द्धमान जं. | 17.11 | 17.14 | |
| | 03.25 | 03.30 | रामपुरहाट जं. | 15.15 | 15.20 | |
| | 08.00 | – | मालदा टाउन ↑ | – | 12.55 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग के गोंदिया जं., डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग जं., रायपुर जं., रायगढ़, झारसुगुड़ा जं., राउरकेला जं., चक्रधरपुर, टाटानगर जं., बोलपुर शांतिनिकेतन एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशनों पर भी रुकेगी। **यात्रा की तारीख एवं दिन : नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से : 08871** दिनांक 19/04 (रविवार), 20/04 (सोमवार) एवं 26/04/2026 (रविवार) को = 03 ट्रिप और **मालदा टाउन से : 08872** दिनांक 20/04 (सोमवार), 21/04 (मंगलवार) एवं 27/04/2026 (सोमवार) को=03 ट्रिप। **गठन :** वातानुकूलित 3-टियर–04, शयनयान श्रेणी–10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)–04 एवं एसएलआरडी– 02 = 20 कोच। **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**FORMAT C-1**

Declaration about criminal cases (As per the judgment dated 25 September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name and address of candidate**: **ABJAL ALI SHA**

**Village-Mysora, P.O.-Shyamsundarpur Patna, P.S.-Panskura, Dist.-Purba Medinipur, West Bengal, PIN-721139**

**Name of political party**: **ALL INDIA SECULAR FRONT**

**Name of Election**: **Election to West Bengal Legislative Assembly**

**Name of Constituency**: **205 PANSKURA PASCHIM ASSEMBLY CONSTITUENCY**

I, **ABJAL ALI SHA** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases:

| Sl. No. | Name of court | Case No. & Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Ld. Chief Judicial Magistrate at Tamluk, Purba Medinipur | Panskura P.S. Case No. 1041/24, GR-07/25 | Pending (charges not framed) | Panskura P.S.-1041/24 u/s 109/115(2), 117(2), 126(2), 303(2), 61(2), 74, 79 of BNS – Wrongful restraint, simple hurt |
| 2. | Ld. Chief Judicial Magistrate at Tamluk, Purba Medinipur | Panskura P.S. Case No. 375/21, GR-2174/21 | Pending (charges not framed) | Panskura P.S.-375/21 u/s 341, 323, 325, 379, 506, 34 of IPC – Simple hurt, theft, criminal intimidation |
| 3. | Ld. Chief Judicial Magistrate at Tamluk, Purba Medinipur | Panskura P.S. Case No. 335/21, GR-1844/21 | Pending (charges not framed) | Panskura P.S.-335/21 u/s 376(D), 376(2)(d) of IPC – Gang rape |
| 4. | Ld. Chief Judicial Magistrate at Tamluk, Purba Medinipur | Panskura P.S. Case No. 16/07, GR-71/07 | Pending (charges not framed) | Panskura P.S.-16/07 u/s 498(A) of IPC & Section 4 of DP Act – Criminal assault, outrage of modesty of woman |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |

I, the above-named candidate, do hereby declare that the above information is true and correct to the best of my knowledge and belief. Tamluk

**ABJAL ALI SHA** (Candidate)

# ईरान के खिलाफ अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है: नेतन्याहू

**यरुशलम :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करने का दावा करते हुए शनिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है, और इजराइल ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को नाकाम कर दिया है। नेतन्याहू ने हिब्रू भाषा में जारी वीडियो में कहा, ईरान के खिलाफ अभियान खत्म नहीं हुआ है, हमें अभी और काम करना है। लेकिन अब भी यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि हमने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की



हैं। उन्होंने कहा, हमने यह अभियान इसलिए शुरू किया, क्योंकि ईरान परमाणु हथियार बनाने के बहुत करीब था और प्रतिदिन सैकड़ों मिसाइलें बनाने की क्षमता रखता था। ये दो बड़े खतरे थे, जिन्हें हमें अपने सिर से हटाना था। उन्होंने दावा किया, खामेनेई मिसाइल उत्पादन और परमाणु कार्यक्रम को जमीन के बहुत अंदर इस तरह छिपाना चाहता था ताकि बी-2 विमान भी वहां तक न पहुंच पाएं। हम चुपचाप खड़े नहीं रह सकते थे। उन्होंने कहा कि ईरान में अब भी 400 किलोग्राम से अधिक संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। उन्होंने कहा कि इसे या तो कूटनीतिक प्रक्रिया के जरिये या बल प्रयोग के माध्यम से ईरान से हटाया जाएगा।

## चीन ने पीओके, अफगानिस्तान सीमा के पास शिनजियांग में एक नयी काउंटी स्थापित की

**बीजिंग :** चीन ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित अपने अशांत शिनजियांग प्रांत में एक नयी काउंटी (प्रशासनिक इकाई) स्थापित की है। यह कदम अलगाववादी उइगर उग्रवादियों की घुसपैठ को रोकने के साथ संकरे वाखान गलियारे की सुरक्षा बढ़ाने के एक स्पष्ट प्रयास के तहत उठाया गया है। सेनलिंग नामक यह काउंटी काराकोरम पर्वत शृंखला के निकट पीओके व अफगानिस्तान की सीमाओं के करीब स्थित है, जो इसके रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है। यह चीन द्वारा शिनजियांग में स्थापित की गयी तीसरी नयी काउंटी है, जो मुख्य रूप से मुस्लिम उइगर क्षेत्र है।

# आशा भोसले के निधन पर ब्रिटेन में संगीतकारों ने जताया शोक

**लंदन :** मुंबई में रविवार को दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन की खबर के बाद उनके सम्मान में श्रद्धांजलियों का सिलसिला जारी है। ब्रिटेन में प्रवासी समूहों और कलाकारों ने उनकी संगीत विरासत को याद किया। ब्रिटेन की मीडिया ने 92 वर्षीय गायिका को बॉलीवुड की आवाज बताते हुए आठ दशक से अधिक लंबे करियर और हजारों यादगार गीतों के जरिए उनके सांस्कृतिक प्रभाव को रेखांकित किया। बीबीसी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, आशा भोसले की मखमली आवाज ने बेशुमार फिल्मी गीतों में जान डाली । बॉलीवुड में उनके व्यापक प्रभाव के कारण 1997 का हिट गीत ब्रिमफुल ऑफ आशा बना, और उन्हें ब्रिटिश संगीतकार बॉय जॉर्ज के साथ काम करने पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पहचान मिली। बीबीसी ने लिखा, उनकी आवाज में एक ऐसा आकर्षण था जो प्रशंसकों को नाचने और गुनगुनाने पर मजबूर कर देता था, जिसकी वजह से उनकी गायकी पीढ़ियों की पहचान बन गई। शुक्रवार



को लंदन के एलेक्जेंड्रा पैलेस में अपने हालिया कॉन्सर्ट का समापन 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को' जैसे गीतों के साथ करने वाले लंदन बॉलीवुड ऑर्केस्ट्रा (एलबीओ) ने बताया कि वह अपने आगामी ब्रैडफोर्ड, मैनचेस्टर और लीसेस्टर दौरे में भोसले के गीतों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि देगा। एलबीओ के संगीत निर्देशक टिम पोटियर ने कहा, आशा के गीत कॉन्सर्ट हॉल के माहौल को भावनात्मक रूप से बदल देते थे। हम उन्हें प्रस्तुति देते समय दर्शकों के और करीब महसूस करते थे।

# भारत की आर्थिक विकास यात्रा अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के लिए एक बड़ा अवसर है: क्वात्रा

**न्यूयॉर्क/ह्यूस्टन :** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत की आर्थिक विकास यात्रा उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के लिए एक बड़ा अवसर है और इस बात पर बल दिया कि अमेरिका इस साझेदारी में ''सबसे आगे और केंद्र में'' है तथा भारत के सबसे महत्वपूर्ण साझेदारों में से एक है। क्वात्रा ने ये टिप्पणियां शनिवार को कोलंबिया विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स (एसआईपीए) के 'दीपक और नीरा राज सेंटर ऑन इंडियन इकोनॉमिक पॉलिसीज' द्वारा आयोजित कोलंबिया इंडियन इकोनॉमी समिट 2026: 'द क्वेस्ट फॉर ए डेवलप्ड इंडिया' में एक विशेष संबोधन के दौरान कीं। उन्होंने छात्रों, शिक्षकों और भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में



आयोजित कार्यक्रम में कहा, ''भारत का आर्थिक विकास हमारी अपनी यात्रा है जो न केवल आर्थिक विकास और समृद्धि के हमारे मूलभूत सिद्धांतों के लिए है बल्कि यह हमारे अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के लिए भी एक बड़ा अवसर है। अमेरिका हमारे सबसे महत्वपूर्ण व अहम साझेदारों में से एक है।'' द्विपक्षीय संबंधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्वात्रा ने कहा कि साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और बदलते वैश्विक परिवर्तनों से निपटने में भारत-अमेरिका साझेदारी ''सबसे महत्वपूर्ण और सबसे निर्णायक'' साझेदारियों में से एक है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए अपने लोगों के लिए आर्थिक विकास और समृद्धि को आगे बढ़ाना जारी रखेगा। राजदूत ने कहा, ''हम भारत में अपनी यात्रा, अपने आर्थिक विकास, अपने समाज के विकास के एक परिवर्तनकारी दौर में हैं... साथ ही, हम वैश्विक बदलावों के संबंध में सीखने के लिहाज से एक अनूठे दौर में भी जी रहे हैं।'' उन्होंने यह दोहराया कि भारत अपनी प्राथमिकताओं को लेकर आश्वस्त है और 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने पर दृढ़ता से केंद्रित है।

## ईरान ने अमेरिकी पोतों के होर्मुज जलडमरूमध्य में दाखिल होने का दावा खारिज किया

**वाशिंगटन :** ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के एक प्रवक्ता ने अमेरिका के उस दावे का खंडन किया है जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी नौसेना के दो विध्वंसक पोत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरे थे। ईरान के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। ईरानी मीडिया के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि ''किसी भी पोत के गुजरने पर निर्णय लेने का अधिकार ईरान के सशस्त्र बलों के पास है।'' इससे पहले, अमेरिकी सेना ने कहा था कि ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार उसकी नौसेना के दो विध्वंसक पोत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरे।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name and address of candidate:** MOTIUR RAHAMAN, LALKUTHIPARA, WARD NO. 10, SURI, BIRBHUM, WEST BENGAL, PIN - 731101.

**Name of political party:** COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of Election:** GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY

***Name of Constituency:** 285- SURI ASSEMBLY CONSTITUENCY

I MOTIUR RAHAMAN (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) **Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LD. C.J.M. at SURI, BIRBHUM. | G.R. Case No. 22/2019, Session Case No. 147/19. | Pending before Ld. Addl. Session Judge, 1st Court, Suri for examination of accused u/s 313 CRPC. | 143/ 147/ 341/ 323/ 332/ 186/ 47/ 506 of I.P.C., 9 of MPO Act, 3/4 of PDPP Act & 18 of W.B. Highway Act. Unlawful assembly, obstructing public servant in discharge of his public functions causing injury, mischief and causing subversive act etc. |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

(B) **Details about cases of conviction for criminal offences NOT APPLICABLE.**

| Sl.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/- MOTIUR RAHAMAN**
**Candidate**
**285 SURI AC,**
**WBLAGE 2026**

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name and address of candidate:** KAMAL HASAN
VILL – BHOLLADANGA, PO - MALLICKPUR, PS - MARGRAM, DIST – BIRBHUM, PIN – 731224, W.B.

**Name of political party:** COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of Election:** GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY

***Name of Constituency:** 292 - HANSAN ASSEMBLY CONSTITUENCY

I KAMAL HASAN (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) **Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JM II AT RAMPURHAT | GR No. 291/2025 | PENDING | U/S 329(4)/351(2)/115(2)/3(5) BNS Criminal trespassing and house-trespassing, criminal intimidation, voluntarily causing hurt. |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

(B) **Details about cases of conviction for criminal offences NOT APPLICABLE.**

| Sl.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/- KAMAL HASAN**
**Candidate**
**292 HANSAN AC,**
**WBLAGE 2026**

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name and address of candidate:** SANJIB MALLICK, SUKANTA PALLY, NISCHINTAPUR, P.O. & P.S. RAMPURHAT, DIST.- BIRBHUM, PIN- 731224.

**Name of political party:** COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of Election:** GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY

***Name of Constituency:** 291- RAMPURHAT ASSEMBLY CONSTITUENCY

I SANJIB MALICK (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) **Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. | 132/2022 | Pending. | U/S 447/353/186/332/427/135 I.P.C. Trespassing, house-trespassing, assaulting public servant to deter them from discharging their duties, causing damage to property etc. |
| 2. | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. | 121/2024 | Pending. | U/S 448/323/379/354/506/34 I.P.C. House-trespassing, assaulting public servant to deter them from discharging their duties, causing damage to property etc. |

(B) **Details about cases of conviction for criminal offences NOT APPLICABLE.**

| Sl.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/- SANJIB MALLICK**
**Candidate**
**291 RAMPURHAT AC,**
**WBLAGE 2026**

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name and address of candidate:** DIPAK CHATTERJEE VILL- SOHARA, P.O.- CHATRA, DIST.- BIRBHUM, PIN-731238

**Name of political party:** ALL INDIA FORWARD BLOC
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of Election:** GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY 2026

***Name of Constituency:** 293- NALHATI ASSEMBLY CONSTITUENCY

I DIPAK CHATTERJEE (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) **Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ld. A.C.J.M. COURT RAMPURHAT | NALHATI PS CASE NO. 101/18 Dated 05.04.18 CORRESPONDING GR NO. 485/18 | PENDING FOR APPEARANCE | 147/148/149/447/188/323 /325/326/ 332/333/ 338/186/ 356 OF IPC & 25/27 ARMS ACTS 34 POLICE ACT. UNLAWFUL ASSEMBLY CAUSING RIOT ETC. |
| 2 | Ld. 3rd J.M. COURT RAMPURHAT | NALHATI PS CASE NO. 102/18 Dated 05.04.18 CORRESPONDING GR NO. 486/18 | PENDING FOR EVIDENCE | U/S -147/148/149/447/188/325/326/307/338/186/ 356 OF IPC & 25/27 ARMS ACTS 3/4 E.S.ACT. UNLAWFUL ASSEMBLY CAUSING RIOT ETC. |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

(B) **Details about cases of conviction for criminal offences NOT APPLICABLE.**

| Sl.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/- DIPAK CHATTERJEE**
**Candidate**
**293 NALHATI AC,**
**WBLAGE 2026**

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name of political party: COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)**
**Name of Election: GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY**
***Name of Constituency: 285- SURI ASSEMBLY CONSTITUENCY**
**Name of State/ UT: WEST BENGAL**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of case(s) | Sections of Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 285- SURI AC | MOTIUR RAHAMAN | Ld. Addl. Session Judge, 1st Court, Suri, G.R. Case No. 22/2019, Session Case No. 147/19. Pending for examination of accused u/s 313 CRPC. | 143/ 147/ 341/ 323/ 332/ 186/ 47/ 506 of I.P.C., 9 of MPO Act, 3/ 4of PDPP Act & 18 of W.B. Highway Act. Unlawful assembly, obstructing public servant in discharge of his public functions causing injury, mischief and causing subversive act. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

***Name of Constituency: 291- RAMPURHAT ASSEMBLY CONSTITUENCY**
**Name of State/ UT: WEST BENGAL**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of case(s) | Sections of Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 291- RAMPURHAT AC | SANJIB MALLICK | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. 132/2022. Pending | U/S 447/353/186/332/427/135 I.P.C. Trespassing, house-trespassing, assaulting public servant to deter them from discharging their duties, causing damage to property etc. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| 2. | 291- RAMPURHAT AC | SANJIB MALLICK | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. 121/2024 Pending | U/S 448/323/379/354/506/34 I.P.C. House-trespassing, assaulting public servant to deter them from discharging their duties, causing damage to property etc. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

***Name of Constituency: 292- HANSAN ASSEMBLY CONSTITUENCY**
**Name of State/ UT: WEST BENGAL**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of case(s) | Sections of Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 291- HANSAN AC | KAMAL HASAN | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. GR No. 291/2025, Pending | U/S 329(4)/351(2)/115(2)/3(5) BNS Criminal trespassing and house-trespassing, criminal intimidation, voluntarily causing hurt etc. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/ - GOUTAM GHOSH
Member, West Bengal State Committee
& Secretary, Birbhum District Committee,
Communist Party of India (Marxist).

# कोलकाता में गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, एसटीएफ ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में मादक पदार्थ तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। एसटीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर चितपुर थाना क्षेत्र के दमदम रोड स्थित मेट्रो हॉकर मार्केट के पास छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संतु गायेन (35) और सुमी ओझा (37) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान सुमी ओझा के पास से कपड़ों में छिपाकर रखा गया लगभग 3.7 किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि वह यह मादक पदार्थ संतु गायेन को सौंपने आई थी। इसके बाद दोनों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। हिरासत में पूछताछ के आधार पर एसटीएफ ने बाबुघाट बस स्टैंड स्थित एक ट्रैवल्स काउंटर पर भी छापेमारी की, जहां से एक बोरे में रखा गया 14.651 किलो गांजा बरामद हुआ। इस तरह कुल मिलाकर 18 किलो से अधिक गांजा जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, बरामद मादक पदार्थ की बाजार कीमत करीब 7.30 लाख रुपये है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह गांजा ओडिशा के भुवनेश्वर से बस के जरिए कोलकाता लाया गया था। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name of political party: COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)**
**Name of Election: GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY**
***Name of Constituency: 294- MURARAI ASSEMBLY CONSTITUENCY**
**Name of State/ UT: WEST BENGAL**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of case(s) | Sections of Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 291- RAMPURHAT AC | MD ALI REZA MANDAL | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. G.R. Case No. 591/2018. Pending | U/S 147/148/149/326/307 I.P.C. Rioting, being member of unlawful assembly, voluntary obstruction of a public servant performing their lawful duties etc. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| 2. | 291- RAMPURHAT AC | MD ALI REZA MANDAL | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. G.R. Case No. 571/2018 Pending | U/S147/148/149/341/186/353/332/307/120B I.P.C. READ WITH SEC. 25/27 ARMS ACT, 3/4 E.S. ACT AND 3(2) PDPP ACT. Rioting, being member of unlawful assembly, wrongful restraint, assaulting and obstructing a public servant from performing their duties. etc. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/ - GOUTAM GHOSH
Member, West Bengal State Committee
& Secretary, Birbhum District Committee,
Communist Party of India (Marxist).

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name of political party: ALL INDIA FORWARD BLOC**
**Name of Election: GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY**
***Name of Constituency: 293- NALHATI ASSEMBLY CONSTITUENCY**
**Name of State/ UT: WEST BENGAL**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of case(s) | Sections of Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 293- NALHATI AC | DIPAK CHATTERJEE | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. GR NO. 485/18 Pending for appearance. | U/S - 147/148/149/447/188/323 /325/326/ 332/333/ 338/186/ 356 OF IPC & 25/27 ARMS ACTS 34 POLICE ACT. UNLAWFUL ASSEMBLY CAUSING RIOT ETC. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| 2. | 293- NALHATI AC | DIPAK CHATTERJEE | LD. A.C.J.M. at RAMPURHAT, BIRBHUM. GR NO. 486/18 Pending for evidence. | U/S - 147/148/149/447/188/325 /326/307/338/186/ 356 OF IPC & 25/27 ARMS ACTS 3/4 E.S.ACT. UNLAWFUL ASSEMBLY CAUSING RIOT ETC. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/ - DIPAK CHATTERJEE
Member, West Bengal State Committee
& Secretary, Birbhum District Committee,
All India Forward Bloc.

# कानून की नहीं, न्याय तक पहुंच की कमी सबसे बड़ी चुनौती : सीजेआई सूर्यकांत



**देहरादून :** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि देश की कानून प्रणाली के सामने सबसे बड़ी चुनौती कानूनों का अभाव नहीं, बल्कि आम नागरिकों की उन तक सीमित पहुंच है। उन्होंने कानूनी अधिकारों और उनकी व्यावहारिक उपलब्धता के बीच की खाई को पाटने के लिए तत्काल प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तराखंड उच्च न्यायालय और उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नॉर्थ जोन क्षेत्रीय सम्मेलन 'जस्टिस बियॉन्ड बैरियर्स: राइट्स, रिहैबिलिटेशन एंड रिफॉर्म फॉर द मोस्ट वल्नरेबल' को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा कि भारत में अधिकारों और नीतियों का मजबूत ढांचा मौजूद है, लेकिन दूरी, देरी और क्रियान्वयन की कमियों के कारण ये लाभ अक्सर जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाते। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, न्याय का केवल अस्तित्व पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक अंतिम नागरिक के दरवाजे तक समय पर पहुंचना चाहिए। गणतंत्र की शक्ति का आकलन घोषित अधिकारों से नहीं, बल्कि वास्तविक रूप से प्राप्त अधिकारों से किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों की विशेष चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां और सीमित संपर्क व्यवस्था न्याय तक पहुंच को प्रभावित करती हैं। ऐसे क्षेत्रों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप न्यायिक व्यवस्था को अधिक सुलभ और उत्तरदायी बनाना जरूरी है। देश के विभिन्न हिस्सों-लद्दाख, श्रीनगर, नगालैंड और केरल के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि नागरिक अक्सर अधिकारों की कमी से नहीं, बल्कि उन्हें प्राप्त करने के लिए सुलभ मंचों के अभाव के कारण संघर्ष करते हैं। उन्होंने कानूनी सहायता योजनाओं, जागरुकता अभियानों और बहु-सेवा शिविरों को इस दिशा में प्रभावी उपाय बताया। सीजेआई ने लद्दाख में सेना के जवानों, श्रीनगर और नगालैंड के आदिवासी समुदायों तथा केरल के मछुआरा समुदायों के साथ बातचीत सहित देश भर के अपने अनुभवों का उल्लेख किया।

## त्रिपुरा जनजातीय परिषद के चुनाव में रिकॉर्ड 83 फीसदी मतदान

**अगरतला :** त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएडीसी) के लिए रविवार को हुए चुनाव में कुल 9.62 लाख मतदाताओं में से करीब 83 फीसदी ने मतदान किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्वोत्तर राज्य के 28 सदस्यीय टीटीएडीसी चुनाव के लिए सभी आठ जिलों में 1,257 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। इस चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों के 173 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने के लिए 9,62,547 मतदाता पात्र थे। टीटीएडीसी राज्य के भौगोलिक क्षेत्र के दो-तिहाई हिस्से में फैला है और यहां 13 लाख की आबादी रहती है।

## विदेश राज्यमंत्री ने अयातुल्ला खामेनेई की स्मृति में आयोजित सभा में भाग लिया

**नयी दिल्ली :** विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने रविवार को ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की स्मृति में आयोजित शोक सभा में भाग लिया। ईरानी दूतावास ने खामेनेई के निधन के 40वें दिन (चेहेलुम) पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए यह सभा आयोजित की थी। अठाईस फरवरी को इजराइल-अमेरिका के एक हमले में खामेनेई की मृत्यु हो गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर कहा, ''विदेश राज्य मंत्री श्री पबित्रा मार्गेरिटा ने नयी दिल्ली में ईरान के दूतावास द्वारा आयोजित 40वें दिन (चेहेलुम) के शोक समारोह में भारत सरकार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।''

## एआई, डिजिटल उपकरणों को निर्णय लेने की प्रक्रिया पर हावी नहीं होने देना चाहिए : न्यायमूर्ति बिंदल

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने रविवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल उपकरण न्यायिक प्रक्रिया में सहायक भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया पर हावी नहीं होने देना चाहिए। उच्चतम न्यायालय की ई-समिति द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, न्यायमूर्ति बिंदल ने ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म के उपयोग और डेटा की गोपनीयता के संभावित जोखिमों के संबंध में भी चिंता व्यक्त की। न्याय विभाग के सहयोग से उच्चतम न्यायालय की ई-समिति द्वारा 11 से 12 अप्रैल को आयोजित 'न्यायिक प्रक्रिया पुनर्गठन और डिजिटल परिवर्तन' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान एक कार्य सत्र की अध्यक्षता के दौरान उन्होंने ये टिप्पणियां कीं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह सम्मेलन दो दिनों में पांच कार्य सत्रों में विभाजित था, जिनमें प्रत्येक सत्र में तकनीक के एकीकरण और न्यायिक प्रक्रियाओं के पुनर्गठन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। सम्मेलन के दूसरे दिन चौथे सत्र की अध्यक्षता करते हुए, न्यायमूर्ति बिंदल ने प्रौद्योगिकी की भूमिका को न्यायिक विकल्प के बजाय सहायक उपकरण के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एआई और डिजिटल उपकरणों का इस्तेमाल सहायक साधनों के रूप में किया जाना चाहिए लेकिन इन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया पर हावी नहीं होने दिया जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी ने समापन भाषण दिया, जिसमें उन्होंने न्याय मुहैया कराने वाली प्रणाली में निरंतर न्यायिक सुधारों और तकनीकी प्रगति के महत्व पर प्रकाश डाला।

## आबकारी नीति : मामले से न्यायाधीश को अलग करने का अनुरोध करने वाली केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कल

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय सोमवार को आबकारी नीति मामले में आरोप मुक्त किए गए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत अन्य लोगों की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें अनुरोध किया गया है कि अधीनस्थ अदालत के फैसले के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई से न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को अलग किया जाए। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अपनी याचिका पर दलील देंगे, जिसकी सुनवाई दोपहर ढाई बजे न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष होगी। न्यायाधीश ने छह अप्रैल को खुद को मामले से अलग करने के आप प्रमुख के आवेदन को रिकॉर्ड में लिया था और इसे 13 अप्रैल की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था।

## टीसीएस ने 2026-27 में 25,000 नए स्नातकों को नौकरी की पेशकश दी, और भर्तियां मांग पर निर्भर:अधिकारी

**मुंबई :** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 25,000 नए स्नातकों (फ्रेशर) को नौकरी देने की पेशकश की है। कंपनी ने संकेत दिया है कि आगे कॉलेज स्नातकों की नियुक्तियां बाजार में मांग की स्थिति पर निर्भर करेंगी। टीसीएस के मुख्य कार्यकारी एवं प्रबंध निदेशक के कृतिवासन ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 44,000 नए स्नातकों की नियुक्ति की थी, जो देश में निजी क्षेत्र में किसी कंपनी द्वारा की गई भर्तियों का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि 2026-27 के दौरान हमने 25,000 नए स्नातकों को नौकरी देने की पेशकश की है। मांग पर स्थिति स्पष्ट होने के बाद हम और नियुक्तियां करेंगे। पिछले तीन वर्षों से टीसीएस हर साल 40,000 से अधिक 'फ्रेशर्स' को नौकरी दे रही है। कृतिवासन ने कहा कि फिलहाल अनुभवी कर्मचारियों की भर्ती को बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने बताया कि नए स्नातकों को किसी परियोजना में जोड़ने से पहले करीब नौ महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि अनुभवी कर्मचारी तुरंत काम शुरू कर सकते हैं। ऐसे में भर्ती रणनीति पूरी तरह व्यावसायिक जरूरतों पर निर्भर करती है। वित्त वर्ष 2025-26 में हुई लगभग 12,000 कर्मचारियों की छंटनी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कंपनी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के लिए लंबे समय तक करियर के अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कृत्रिम मेधा (एआई) का इस छंटनी से कोई सीधा संबंध नहीं था, बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के तरीके में बदलाव के कारण वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों की आवश्यकता कम हुई है।

## सनातन धर्म का 'अपमान' करने को लेकर मदुरै के लोग स्टालिन, उदयनिधि को दंडित करेंगे



**मदुरै (तमिलनाडु) :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि को सनातन धर्म और हिंदू संस्कृति के बारे में कथित टिप्पणियों को लेकर मदुरै के लोग ''दंडित'' करेंगे। नवीन ने यहां एक रोड शो के दौरान कहा कि जनता और पुरोहित समुदाय यह सुनिश्चित करेंगे कि इन टिप्पणियों के लिए सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को मतदाता दंडित करें। नवीन ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''जिस तरह स्टालिन और उनके बेटे ने सनातन धर्म और हिंदू संस्कृति का अपमान किया है, जनता और साधु-संत यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें मतदाताओं द्वारा दंडित किया जाए।'' उन्होंने जनता के मिजाज में आए महत्वपूर्ण बदलाव का हवाला देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि तमिलनाडु में द्रमुक सत्ता से बाहर हो जाएगी और राजग सरकार का गठन होगा। भाजपा अध्यक्ष ने मादक पदार्थों के बढ़ते खतरे पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की और सत्तारूढ़ पार्टी पर इसमें संलिप्त रहने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तमिलनाडु के युवा नशे के आदी हो रहे हैं।

## विकास, संस्कृति का संरक्षण परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं : उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि 'विकसित भारत 2047' की परिकल्पना का मार्गदर्शक सिद्धांत विकास भी, विरासत भी है, जो इस बात पर जोर देता है कि आधुनिक विकास और परंपराओं का संरक्षण परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। राधाकृष्णन ने कहा कि जब आधुनिक विज्ञान भाषा, आस्था और संस्कृति के साथ सामंजस्य में काम करता है, तो यह संरक्षण और सशक्तीकरण की एक शक्ति बन जाता है। उपराष्ट्रपति ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी उपायों के माध्यम से जनजातीय जीवन में परिवर्तन- भाषा, आस्था और संस्कृति का संरक्षण शीर्षक वाले सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय समुदायों के पास अमूल्य पारंपरिक ज्ञान है जो जैव विविधता और वन संसाधनों के सतत उपयोग में सहायक है। उन्होंने कहा, ''सदियों से इन समुदायों ने भारत की प्राचीन संस्कृति, आस्था और सभ्यतागत विरासत को संरक्षित रखा है। जनजातीय क्षेत्रों में हरित आर्थिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने जनजातीय समुदायों के



डिजाइन, वस्त्र और रंग संयोजन में असाधारण कौशल की सराहना करते हुए कहा कि यह पीढ़ियों से संरक्षित है। प्रमुख सरकारी पहलों पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ''प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान'' के तहत लगभग 7,300 किलोमीटर लंबी 2,400 से अधिक सड़कों और 160 से अधिक पुलों को मंजूरी दी गई है।

## अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त को समाप्त होगी

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा दक्षिण कश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होकर 57 दिन बाद 28 अगस्त को संपन्न होगी। उपराज्यपाल ने यहां लोक भवन में संवाददाताओं को बताया कि 13 से 70 वर्ष की आयु के श्रद्धालु यात्रा कर सकेंगे और पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा। यात्रा की तिथियों पर निर्णय सिन्हा की अध्यक्षता में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की बैठक में लिया गया। सिन्हा ने कहा, ''अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त को समाप्त होगी। इस बार यात्रा की अवधि पिछले वर्षों की तुलना में कुछ अधिक, करीब 57 दिन की होगी।'' उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा और यह 15 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए न्यूनतम आयु 13 वर्ष और अधिकतम आयु 70 वर्ष निर्धारित की गई है। सिन्हा ने कहा, ''देशभर में करीब 556 निर्दिष्ट बैंक शाखाओं के माध्यम से अग्रिम पंजीकरण कराया जा सकेगा, जबकि श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।''

## मणिपुर : बम हमले के खिलाफ इंफाल में प्रदर्शन




**इंफाल :** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में हाल ही में हुए बम हमले और दो बच्चों की मौत के विरोध में रविवार को राजधानी इंफाल में हजारों लोगों ने रैली निकाली। यह रैली उरीपोक निर्वाचन क्षेत्र के कई स्थानीय निकायों के एक समूह, उरीपोक अपुनबा लुप और उरीपोक नुपी अपुनबा लुप द्वारा आयोजित की गई थी। रैली लैम्बोइखोंगनांगखोंग से शुरू हुई और चार किलोमीटर की दूरी तय की। उरीपोक अपुनबा लुप के उपाध्यक्ष ख्वैराकपम तरुणकुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''अपने विरोध प्रदर्शन के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि बिष्णुपुर जिले के ट्रोंगलाओबी में दो बच्चों की हत्या की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच जल्द से जल्द पूरी की जाए और दोषियों को उचित दंड दिया जाए तथा कानून के अनुसार उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाए।'' कई बच्चों ने भी रैली में हिस्सा लिया और उन्होंने इस दौरान तख्तियां पकड़ी हुई थीं जिन पर लिखा था, ''हम न्याय चाहते हैं, हम बच्चों की हत्या की निंदा करते हैं।''

## भारत में पेटेंट आवेदनों की संख्या 2025-26 में 30.2 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख हुई: गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि देश में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल के कारण पेटेंट आवेदन दाखिल करने की संख्या 2025-26 में 30.2 प्रतिशत बढ़कर 1,43,729 हो गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह संख्या 1,10,375 थी। उल्लेखनीय है कि पेटेंट दाखिल करने के मामले में भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा देश है। गोयल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ''वित्त वर्ष 2025-26 में हमारे पेटेंट आवेदन ऐतिहासिक रूप से बढ़कर 1.43 लाख से अधिक हो गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30.2 प्रतिशत की वृद्धि हैं। इसमें से 69 प्रतिशत से अधिक पेटेंट घरेलू स्तर पर दाखिल किए गए हैं, जिनमें तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र के नवोन्मेषकों की अग्रणी भूमिका है।'' आवेदनों की संख्या में 2016-17 से लगातार वृद्धि देखी जा रही है, जब यह संख्या 45,444 थी। इसके बाद यह वित्त वर्ष 2017-28 में 47,894, वित्त वर्ष 2018-19 में 50,660, वित्त वर्ष 2019-20 में 56,268, वित्त वर्ष 2020-21 में 58,503, वित्त वर्ष 2021-22 में 66,440, वित्त वर्ष 2022-23 में 82,208 और वित्त वर्ष 2023-24 में 92,163 रही। सरकार ने देश में पेटेंट तंत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जो विशेष रूप से स्टार्टअप, एमएसएमई और शैक्षणिक संस्थानों को लक्षित करते हैं। इन कदमों में स्टार्टअप, छोटी इकाइयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शुल्क में कटौती, पेटेंट आवेदनों की त्वरित जांच का प्रावधान और भारतीय स्टार्टअप को पेटेंट, ट्रेडमार्क और डिजाइन आवेदनों को दाखिल करने तथा उनकी प्रक्रिया के लिए निःशुल्क सुविधा प्रदान करना शामिल है।

## तस्करी करके महाराष्ट्र ले जाए जा रहे 163 नाबालिगों को मध्य प्रदेश में बचाया गया



**कटनी (मध्यप्रदेश) :** मध्यप्रदेश के कटनी जिले में एक एक्सप्रेस ट्रेन से 163 नाबालिग लड़कों को तस्करी से बचाया गया, जिन्हें कथित तौर पर मजदूरों के रूप में काम करने के लिए बिहार से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए आठ आरोपियों ने दावा किया है कि छह से 13 साल की उम्र के बच्चों को शिक्षा के लिए लातूर के एक मदरसे में ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि बाल कल्याण समिति से मिली गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने रातभर संयुक्त अभियान चलाकर कटनी रेलवे स्टेशन पर पटना-पूर्णा एक्सप्रेस में बिना उचित टिकट और दस्तावेजों के नाबालिगों के साथ यात्रा कर रहे आठ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

## जयपुर में चोरी की दो लग्जरी कार बरामद, एक जिम ट्रेनर गिरफ्तार



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में चोरी किए गए लग्जरी वाहनों को बेचने के आरोप में जयपुर से एक जिम ट्रेनर को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से चोरी किए गए दो नये वाहन भी बरामद हुए। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की पंजीकृत दो कार के राष्ट्रीय राजधानी से चोरी होने के बारे में मिली सूचना के बाद मोहम्मद अशरफ खान को जयपुर के झोटवारा इलाके से हिरासत में लिया गया। उसके पास से अस्थायी पंजीकरण नंबर वाली एक हुंडई क्रेटा और एक महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन बरामद की गई तथा दोनों वाहन इसी साल दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके से चोरी हुए थे। पुलिस के अनुसार, छह अप्रैल को एक टीम को चोरी के एक वाहन को जयपुर में देखे जाने की सूचना मिली थी। दिल्ली पुलिस की एक टीम ने अगले ही दिन स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय करते हुए इलाके में छापा मारा और खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''पूछताछ के दौरान, आरोपी ने खुलासा किया कि उसने चोरी के वाहन जयपुर निवासी शकील नामक व्यक्ति से प्राप्त किए थे।'' पुलिस ने बताया कि खान ने स्नातक किया है और वह जिम ट्रेनर के रूप में काम करता है। पुलिस ने बताया कि खान ग्राहकों को कम कीमत पर लग्जरी कारें देने का लालच देता था।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने अबू धाबी में यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की और पश्चिम एशिया संकट और इसके आर्थिक प्रभाव पर चर्चा की। जयशंकर शनिवार से खाड़ी देश के दो दिवसीय दौरे पर थे। अबू धाबी में हुई मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाएं प्रेषित की और पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान भारतीय समुदाय का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए आभार व्यक्त किया।'' जयशंकर ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन देने के लिये अल नाहयान को धन्यवाद भी दिया। ऐसा समझा जाता है कि जयशंकर की यूएई राष्ट्रपति के साथ हुई मुलाकात में दुबई के क्राउन प्रिंस और यूएई के उप प्रधानमंत्री हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम भी उपस्थित थे। जयशंकर ने पोस्ट किया, ''बातचीत के दौरान महामहिम हमदान मोहम्मद से मिलकर अच्छा लगा। दुबई में भारतीय समुदाय का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए हमारी सरकार की ओर से सराहना व्यक्त की।''

## भारत, उज्बेकिस्तान के बीच 12 से 25 अप्रैल तक संयुक्त सैन्य अभ्यास




**नयी दिल्ली :** भारत और उज्बेकिस्तान के सैनिक 12 से 25 अप्रैल तक एक संयुक्त सैन्य अभ्यास में भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य सहयोग को बढ़ावा देना और अर्ध-पर्वतीय इलाकों में संयुक्त अभियान चलाने की अपनी क्षमता को बढ़ाना है। अधिकारियों ने बताया कि भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'दुस्तलिक' के सातवें संस्करण के लिए भारतीय दल रविवार को रवाना हो गया। अधिकारियों ने बताया कि संयुक्त प्रशिक्षण का समापन 48 घंटे के एक अभ्यास के साथ होगा, जिसका उद्देश्य संयुक्त अभियानों के लिए सामरिक अभ्यासों को मान्य करना है, जिसमें गैरकानूनी सशस्त्र समूहों को निष्क्रिय करने के लिए विशेष अभियानों की तैयारी और निष्पादन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह अभ्यास संयुक्त अभियानों की योजना और क्रियान्वयन के लिए दोनों टुकड़ियों की कमान और नियंत्रण संरचनाओं के बीच एक एकीकृत परिचालन एल्गोरिदम भी स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास 12 से 25 अप्रैल तक उज़्बेकिस्तान के नामंगम स्थित गुरुमसराय फील्ड ट्रेनिंग क्षेत्र में होगा। 'दुस्तलिक' अभ्यास एक वार्षिक अभ्यास है जो बारी-बारी से भारत और उज़्बेकिस्तान में किया जाता है। पिछला संस्करण अप्रैल 2025 में औंध (पुणे) स्थित फॉरेन ट्रेनिंग नोड में आयोजित किया गया था।

# महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने का समय आ गया है: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने का समय आ गया है और 2029 के लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे एकजुट होकर महिला आरक्षण कानून में संशोधन पारित करें। संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र से पहले लोकसभा और राज्यसभा के सदन के नेताओं को लिखे पत्र में मोदी ने यह भी कहा कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है जब महिलाओं को प्रगति करने, निर्णय लेने और सबसे महत्वपूर्ण बात, नेतृत्व करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने के अपने सपने को साकार करने के लिए यह आवश्यक है कि महिलाएं इस यात्रा में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, ''विस्तृत विचार-विमर्श के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश भर में उसके सच्चे स्वरूप में लागू करने का समय आ गया है।'' प्रधानमंत्री ने 11 अप्रैल को लिखे अपने पत्र में कहा, ''यह अनिवार्य है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाएं।'' मोदी ने कहा कि 2029 में महिला आरक्षण अधिनियम के लागू होने से भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं में नयी ऊर्जा का संचार होगा और जनता का विश्वास मजबूत होगा, साथ ही शासन में अधिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा, ''मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा हूं ताकि हम सभी एक साथ मिलकर इस संशोधन को पारित करने के लिए एकजुट हो सकें।'' नारी शक्ति वंदन अधिनियम को आमतौर पर महिला आरक्षण अधिनियम के रूप में जाना जाता है। संसद के बजट सत्र की अवधि बढ़ा दी गई है और सदन का एक विशेष तीन दिवसीय सत्र 16 से 18 अप्रैल तक बुलाया गया है। महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों के पारित हो जाने से लोकसभा में सीट की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी जिनमें से 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान 2023 में संविधान में संशोधन करके लाया गया था। हालांकि महिला आरक्षण 2027 की जनगणना के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लागू हो पाता। इसका मतलब यह था कि यदि वर्तमान कानून यथावत रहता है तो आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता।

### प्रधानमंत्री मोदी आज महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को यहां राष्ट्रीय स्तर के महिला सम्मेलन में भाग लेंगे। यह सम्मेलन संसद के उस सत्र से पहले आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महिला आरक्षण कानून में प्रस्तावित संशोधनों को विचार और पारित करने के लिए पेश किए जाने की उम्मीद है। आधिकारिक बयान में कहा गया कि 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का आयोजन भारत के विकास पथ को आकार देने में महिलाओं की अधिक भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है। भाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों के आरक्षण का प्रावधान है।

# डाक विभाग ने भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम पर स्मारक डाक टिकट जारी किये



**बेंगलुरु :** डाक विभाग ने रविवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नेतृत्व में भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की उल्लेखनीय प्रगति का जश्न मनाने के लिए दो स्मारक डाक टिकट की शृंखला जारी की। कर्नाटक डाक परिक्षेत्र के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल के. प्रकाश ने इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की उपस्थिति में स्मारक डाक टिकट की शृंखला जारी की। डाक विभाग के मुताबिक, स्मारक डाक टिकट में भारत की प्रारंभिक उपलब्धियों, जैसे आर्यभट उपग्रह का प्रक्षेपण, से लेकर मानव अंतरिक्ष उड़ान और कक्षीय अवसंरचना में भविष्य की महत्वाकांक्षाओं तक की यात्रा को दर्शाया गया है। बयान में कहा गया कि ये भारत की समृद्ध वैज्ञानिक विरासत को भी प्रतिबिंबित करते हैं, जिसका प्रतीक जंतर-मंतर जैसे स्थल हैं। भारतीय डाक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''ये डाक टिकट डॉ. विक्रम साराभाई के नेतृत्व में भारत की शुरुआती प्रगति से लेकर वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति बनने तक के सफर को दर्शाते हैं। ये चंद्रयान-3 और आगामी मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान जैसी प्रमुख उपलब्धियों को उजागर करते हैं, जो देश की बढ़ती तकनीकी क्षमता और महत्वाकांक्षा का प्रतीक हैं।'' डाक टिकटों की पहली शृंखला में गगनयान चालक दल के साथ-साथ भारतीय अंतरिक्ष केंद्र जैसी भविष्य की आकांक्षाओं को प्रदर्शित किया गया है, जो 2035 तक एक अंतरिक्ष केंद्र स्थापित करने के भारत के दृष्टिकोण को दर्शाता है।



काशीपुर में रूट मार्च के दौरान मतदाताओं को मताधिकार से अवगत कराती पुलिस।

## पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 5 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाई

**दुर्गापुर :** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों की उपलब्धता में काफ़ी बढ़ोतरी की है, ताकि देश भर में प्रवासी मज़दूरों और संवेदनशील समुदायों को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन आसानी से और किफ़ायती दरों पर मिल सके। एक सक्रिय कदम उठाते हुए, मंत्रालय ने पूर्व आपूर्ति सीमा को हटा दिया है और 7 अप्रैल से सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 5 किलोग्राम सिलेंडरों का रोज़ाना का आवंटन दोगुना कर दिया है। खासतौर पर शहरी एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए यह कदम बढ़ाया गया है। साथ ही, लोगों को जागरूक बनाने और सुरक्षित इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में 1,600 से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए हैं। राज्य सरकारें, तेल विपणन कंपनियों के साथ मिलकर, एक समान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वितरण का सक्रिय प्रबंधन कर रही हैं।

# हावड़ा में भाजपा की चुनावी जनसभा मे तृणमूल पर तीखा हमला, राज्य अध्यक्ष ने उठाए कई सवाल

**हावड़ा, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में 2026 विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में मध्य हावड़ा में भाजपा प्रत्याशी विप्लव मंडल के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री पर तीखे राजनीतिक हमले किए। सभा के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें कथित तौर पर चुनावी सभाओं की अनुमति न मिलने की बात कही गई थी। इस पर उन्होंने कहा कि विपक्ष पहले से ही ऐसी शिकायतें करता रहा है, हमारे नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी को 104 बार हाईकोर्ट जाना पड़ा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भी सभा के लिए अदालत की अनुमति लेनी पड़ी। तृणमूल ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित किया है।

मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, इतनी जल्दी पराजय स्वीकार करने की क्या जरूरत है? जिन्हें 'फाइटर' और 'बंगाल टाइगर' कहा जाता है, उनके मुंह से ऐसे बयान शोभा नहीं देते। मोथाबाड़ी घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कार्रवाई जारी है, लेकिन जनता अब केवल गिरफ्तारी की खबरें नहीं सुनना चाहती। उन्होंने दावा किया कि 2026 का चुनाव तृणमूल के खिलाफ जनता का स्पष्ट जनादेश लेकर आएगा। इसके अलावा, उन्होंने कुछ राजनीतिक घटनाओं और नेताओं के पार्टी बदलने को लेकर भी टिप्पणी की और नेताजी सुभाष चंद्र बोस से जुड़े मुद्दे का उल्लेख करते हुए जनता की भावनाओं पर सवाल उठाए। सभा के अंत में उन्होंने कहा कि 4 मई के बाद मुख्यमंत्री के पास कविता लिखने के लिए काफी समय होगा, और नारा दोहराया – चार मई, दीदी गई। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा आगामी चुनाव में पूरी आक्रामक रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी।

**Format C-1**

(For Candidate to publish in Newspapers, TV) [Phase-1, Date of poll – 23.04.2026]

**Declaration about criminal Cases**

(As per the judgment dated 25th September,2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil)No.536 of 2011)

(Public interest Foundation & Ors. Union of India & Anr.)

Name and Address of the Candidate : **MD. SAMI KHAN**
Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of the Constituency : **ISLAMPUR** **West Bengal ; No.29**

**I, Md. Sami Khan** (Name of the Candidate), a Candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending Criminal Cases**

| Sl. No. | Name of the Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and description of offence |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM, Islampur | Islampur P.S. Case No.805/2024 GR No. 2668/2024 | Charge has not yet been framed | 189(2)/285/259/272 of BNS R/W Sec. 8(b) of NH Act. A rally was organized by political party against rape and murder of ABHAYA for which the traffic was jammed for moment which does not come within the meaning of blockade. But the police intentionally implicated as accused. |
| 2 | Addl. J.M Court at Raiganj | Raiganj P.S Case No.767/2020 GR 1737/2020 | Charge framed on 21.03.2024 | 188/186/143 IPC, R/W 51(B) D.M Act. A political agitation was organized before the DM Uttar Dinajpur and the allegation was violation 144 Cr.P.C |
| 3 | ACJM, Islampur | Islampur P.S. Case No.805/2024 GR No. 2668/2024 | Charge has not yet been framed | 143/148/447/186/353/354/332/333/307of IPC. The above false case was started during the construction of Islampur bypass. But the accused on bail and contesting the case. |

**(B)** Details about Cases of Conviction for Criminal Offences

| Sl. No. | Name of the Court & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Format C-1**

(For Candidate to publish in Newspapers, TV) [Phase-1, Date of poll – 23.04.2026]

**Declaration about criminal Cases**

(As per the judgment dated 25th September,2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil)No.536 of 2011)

(Public interest Foundation & Ors. Union of India & Anr.)

Name and Address of the Candidate : **MD. MAKLESWAR RAHAMAN**
Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of the Constituency : **CHOPRA** **West Bengal ; No.28**

**I, Md. Makleswar Rahaman** (Name of the Candidate), a Candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending Criminal Cases**

| Sl. No. | Name of the Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and description of offence |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM, Islampur | Chopra P.S. Case No. 1429/13 GR No.4834/2013 | Charge has not yet been framed | U/S-143,448, 436, 379 IPC, R/W 25, 27 & 35 of Arms Act. The above false Case was started to dishonor the person politically as well as out of political vengeance. |

**(B) Details about Cases of Conviction for Criminal Offences**

| Sl. No. | Name of the Court & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Format C-2**

(For Political Party to publish in website, Newspapers, TV) [Phase-1, Date of poll – 23.04.2026]

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the Party**

(As per the judgment dated 25th September,2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil)No.536 of 2011)

(Public interest Foundation & Ors. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of State/UT : **West Bengal**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of the Candidate | Number & Name of the Assembly Constituency | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about Cases of Conviction for Criminal Offences | | |
| | | | Name of the Court, case No. & state of | Secti0ons of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of the Court & date(s)of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
| 1 | **Md. Makleswar Rahaman** | **28-CHOPRA** | ACJM, ISLAMPUR CHOPRA P.S. 1429/13 GR No. 4834/2013/Charge has not yet been framed | U/S- | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of State/UT : **West Bengal**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of the | Number & Name of the Assembly Constituency | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about Cases of Conviction for Criminal Offences | | |
| | | | Name of the Court, case No. & state of | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of the Court & Date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishmen t imposed | Maximum Punishment imposed |
| 1 | **MD.SAMI KHAN** | **29- ISLAMPUR** | ACJM, Islampur Islampur P.S Case No.805/2024 GR 2668/2024 Charge has not yet been framed | 189(2)/285/259/272 of BNS R/W Sec.8 (b) of NH Act A rally was organized against the rape and murder ABHAYA for which the traffic was jammed for a moment which does not come within the meaning of blockade. But the Police intentionally implicated as accused. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | | | Addl J.M Court at Raiganj, Raiganj P.S Case No.767/2020 GR 1737/2020 Charged framed on 21.03.2024 | 188/186/143 IPC, R/W 51(B) D.M. Act A political agitation was violation 144 Cr.P.C | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | | | ACJM, Islampur, Islampur P.S Case No.49/2018 GR 157/2018 Charge has not yet been framed | 143/148/447/186/353/354/332 /333/307 of IPC. The above false case was started during the construction of Islampur bypass. But the accused on bail and contesting the case. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

Anuwarul Haque
Member, West Bengal State Committee &
Secretary, Uttar Dinajpur District Committee
Communist Party of India (Marxist)

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name and address of candidate: MD ALI REZA MANDAL, MATHKARAMJA, MURARAI, BIRBHUM, PIN - 731221.**

**Name of political party: COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST)**
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of Election: GENERAL ELECTION TO THE WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY**

***Name of Constituency: 294 MURARAI ASSEMBLY CONSTITUENCY**

I **MD ALI REZA MANDAL** (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) **Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LD A.C.J.M, RAMPURHAT | G.R. Case No. 591/2018 | PENDING. | U/S 147/148/149/326/307 I.P.C. Rioting, being member of unlawful assembly, voluntary obstruction of a public servant performing their lawful duties etc. |
| 2 | LD A.C.J.M, RAMPURHAT | G.R. Case No. 571/2018 | PENDING. | U/S147/148/149/341/186/353/ 332/307/120B I.P.C. READ WITH SEC. 25/27 ARMS ACT, 3/4 E.S. ACT AND 3(2) PDPP ACT. Rioting, being member of unlawful assembly, wrongful restraint, assaulting and obstructing of a public servant performing their lawful duties etc. |

(B) **Details about cases of conviction for criminal offences NOT APPLICABLE.**

| Sl.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| NIL | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/- MD ALI REZA MANDAL**
**Candidate**
**294 MURARAI AC,**
**WBLAGE 2026**

# शिविका महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बनीं



**बुडापेस्ट:** भारत की शिविका रोहिल्ला यहां संपन्न पहले सैटरडे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में क्रोएशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर रुडोल्फ सेर्टिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन गईं। वर्ष 2023 में अपना पहला नॉर्म हासिल करने वाली शिविका पिछले 10 टूर्नामेंट में अंतिम नॉर्म हासिल करने में करीब पहुंचीं थी लेकिन उन्होंने मौके गंवा दिए। इस बार टूर्नामेंट की शुरुआत में बड़ी जीत की बदौलत उन्होंने आत्मविश्वास हासिल किया और अंतिम चरण में लड़खड़ाने के बावजूद दिल्ली की यह खिलाड़ी अंतिम नॉर्म हासिल करने में सफल रहीं। शिविका ने नौ बाजियों में 4.5 अंक जुटाए जिससे उन्हें रेटिंग में भी फायदा हुआ। उन्होंने महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स के लिए जरूरी रेटिंग अंक 2025 में पोलैंड में टूर्नामेंट में बाद हासिल कर लिए थे। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी की नजरें अब महिला ग्रैंडमास्टर बनने पर टिकी हैं। शिविका ने कहा, ''इस टूर्नामेंट में मैं अपना पहला महिला ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करने के काफी करीब थी लेकिन मेरा ध्यान अधिकतर महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर पर था और मुझे लगता है कि मनोविज्ञान ने भी अपनी भूमिका निभाई, लेकिन अब मुझे यकीन है कि मैं भविष्य को एक नए नजरिए से देख सकती हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं अपना महिला ग्रैंडमास्टर टाइटल पूरा कर पाऊंगी।'

# सावन बरवाल ने शिवनाथ सिंह का मैराथन में 48 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा




**रोटरडैम (नीदरलैंड):** सावन बरवाल ने रविवार को रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया। हिमाचल प्रदेश के इस लंबी दूरी के धावक ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दूसरे भारतीय धावक गोपी थोनकल ने 42.195 किलोमीटर की दूरी दो घंटे 13 मिनट और 16 सेकंड में पूरी करके 23वां स्थान हासिल किया। बरवाल की उपलब्धि इसलिए भी सराहनीय है क्योंकि रोटरडैम में आयोजित यह मैराथन उनकी पहली मैराथन थी।

## भारतीय महिला टीम ने विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल चैंपियनशिप में पांचवा स्थान हासिल किया

**ब्रासीलिया:** प्रियंका गोस्वामी ने रविवार को विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल चैंपियनशिप में भारतीय महिला मैराथन टीम का नेतृत्व करते हुए टीम को सम्मानजनक पांचवां स्थान दिलाया। प्रियंका ने तीन घंटे 43 मिनट एक सेकंड का समय निकालकर व्यक्तिगत स्पर्धा में 10वां स्थान हासिल किया। पायल ने 3:59:50 के समय के साथ 26वां स्थान प्राप्त किया, जबकि मंजू रानी 4:05:22 के समय के साथ 30वें स्थान पर रहीं। भारत ने अपने शीर्ष तीन खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर कुल मिलाकर टीम स्पर्धा में पांचवां स्थान हासिल किया। पाउला टोरेस ने व्यक्तिगत महिला मैराथन रेस वॉक जीतकर इक्वाडोर को टीम खिताब दिलाया। इटली दूसरे स्थान पर रहा, जबकि मेजबान ब्राजील और चीन ने क्रमशः तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया।

# सॉल्ट, पाटीदार और कोहली के अर्धशतक आरसीबी जीता, मुंबई इंडियंस की लगातार तीसरी हार



**मुंबई:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार और विराट कोहली के शानदार अर्धशतकों की बदौलत मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर लगातार तीसरी हार थमा दी।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने चार विकेट पर 240 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सॉल्ट ने 36 गेंदों में 78 रन (छह छक्के, छह चौके) की तूफानी पारी खेली, जबकि कोहली ने 50 और पाटीदार ने 53 रन बनाए। सॉल्ट और कोहली ने पहले विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। पाटीदार ने महज 17 गेंदों में अर्धशतक जड़कर आईपीएल का अपना सबसे तेज पचासा पूरा किया। अंत में टिम डेविड ने 16 गेंदों में नाबाद 34 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।जवाब में मुंबई इंडियंस ने संघर्ष किया, लेकिन टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 222 रन ही बना सकी। शेरफाने रदरफोर्ड ने 31 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाकर टीम को जीत के करीब लाने की कोशिश की। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 40, रेयान रिकलटन ने 37 और सूर्यकुमार यादव ने 33 रन का योगदान दिया।गेंदबाजी में आरसीबी के लिए सूयश शर्मा ने अहम समय पर दो विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। उनके झटकों से मुंबई की पारी दबाव में आ गई।मुंबई की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम लक्ष्य से दूर रह गई। इस जीत के साथ आरसीबी ने चार मैचों में तीसरी जीत दर्ज कर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली, जबकि मुंबई इंडियंस की टीम लगातार तीसरी हार से दबाव में आ गई है।

## विजय रथ पर सवार रॉयल्स की भिड़ंत सनराइजर्स से

**हैदराबाद:** शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स की टीम सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद से मुकाबले में जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी। चार मैचों में चार जीत के साथ रॉयल्स का आत्मविश्वास चरम पर है और टीम शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहेगी।रॉयल्स की सफलता में यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक सलामी जोड़ी का अहम योगदान रहा है, जिसने पावरप्ले में विरोधी गेंदबाजों पर दबाव बनाया। तीसरे नंबर पर ध्रुव जुरेल ने पारी को स्थिरता दी है, जबकि कप्तान रियान पराग का मध्यक्रम अभी पूरी तरह परखा नहीं गया है।गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर ने टीम को धार दी है, वहीं संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने अच्छा सहयोग किया है। स्पिन विभाग में रवि बिश्नोई प्रभावी रहे हैं। दूसरी ओर, सनराइजर्स का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। टीम को ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा से तेज शुरुआत की उम्मीद होगी, जबकि हेनरिक क्लासेन ने अब तक सबसे ज्यादा प्रभावित किया है।गेंदबाजी में कमजोरी और पैट कमिंस की गैरमौजूदगी टीम के लिए चिंता का विषय है।

# अर्जुन और आदित्य ने अमेरिकी ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता




**मुंबई:** अर्जुन सिंह और आदित्य सिंह ने फ्लोरिडा के नेपल्स में अमेरिकी ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में राइडर ब्राउन और सोली मेसिरी की शीर्ष वरीय जोड़ी को हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। अर्जुन और आदित्य ने अंडर-18 लड़कों के युगल वर्ग में अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ 11-1, 11-5 से जीत दर्ज की। भारत की नागा मोक्षा ने महिला एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता। खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय पिकलबॉल संघ को मान्यता मिलने बाद यह पहली बार है जब कोई भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है जो अपने 10वें सत्र का आयोजन कर रहा है।

# सोनम पांचवें स्थान पर रहीं, भारत ने एक स्वर्ण के साथ अपना अभियान खत्म किया

**नयी दिल्ली:** सोनम मस्कर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं जिससे भारत ने रविवार को ग्रेनाडा में अपना विश्व कप (राइफल/पिस्टल) अभियान एक स्वर्ण पदक के साथ खत्म किया। सोनम ने 188.5 का स्कोर किया और 24 शॉट के फाइनल के 18वें शॉट के बाद बाहर हो गईं। चीन की विश्व नंबर एक वांग ज़िफेई ने 252.9 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। नॉर्वे की महिलाओं की 3पी विश्व चैंपियन जेनेट हेग ड्यूस्टैड ने 252.4 के स्कोर के साथ रजत जीता जबकि चीन की पूर्व एयर राइफल विश्व चैंपियन हान जियायू ने 231.5 के स्कोर के साथ कांस्य जीता। भारतीय निशानेबाज सात फाइनल में पहुंचे लेकिन प्रतियोगिता के पहले ही दिन सिर्फ 10 मीटर एयर पिस्टल जोड़ी मुकेश नेलावल्ली और पलक ने स्वर्ण जीता। सोनम ने पहले क्वालीफिकेशन दौर में 632.8 का स्कोर किया और सातवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। मेहुली घोष 627.3 के स्कोर के साथ 44वें स्थान पर रहीं जबकि इस मुकाबले में तीसरी भारतीय खिलाड़ी श्रुति ने 624.8 का स्कोर किया और 91 खिलाड़ियों के बीच 63वें स्थान पर रहीं।

# प्रसिद्ध की शानदार गेंदबाजी से टाइटंस ने सुपर जायंट्स को हराया



**लखनऊ:** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की शानदार गेंदबाजी और कप्तान शुभमन गिल व जोस बटलर की दमदार बल्लेबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। टाइटंस ने पहले शानदार गेंदबाजी करते हुए सुपर जायंट्स को आठ विकेट पर 164 रन पर रोक दिया। इसके बाद टीम ने 18.4 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रसिद्ध ने चार ओवर में 28 रन देकर चार विकेट चटकाए और विपक्षी बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल और बटलर ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। गिल ने 40 गेंदों में 56 रन बनाए, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था। वहीं बटलर ने 37 गेंदों पर 60 रन की तेज पारी खेलते हुए 11 चौके जड़े। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 84 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर मैच टाइटंस के पक्ष में मोड़ दिया। गिल ने अपनी पारी के दौरान आईपीएल में 4000 रन भी पूरे किए, जबकि बटलर ने टी20 क्रिकेट में अपना 100वां अर्धशतक जड़ा। अंत में वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 21) और राहुल तेवतिया (नाबाद 10) ने टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले सुपर जायंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सर्वाधिक 30 रन बनाए, जबकि कप्तान ऋषभ पंत, निकोलस पूरन और अब्दुल समद अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल सके। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और अशोक शर्मा ने अच्छा सहयोग दिया। टाइटंस की यह जीत टीम के संतुलित प्रदर्शन का नतीजा रही, जिसमें गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों ने अहम भूमिका निभाई।

# आयुष बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में हारे, रजत पदक से संतोष



**निंगबो (चीन):** भारत के आयुष शेट्टी को रविवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मंगलुरु के 20 साल आयुष को लय हासिल करने में परेशानी हुई और वह चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन से 8-21, 10-21 से हार गए जिससे इस प्रतियोगिता में भारत का पुरुष एकल स्वर्ण पदक का 61 साल का इंतजार जारी रहा। हार के बावजूद गैरवरीय आयुष का अभियान शानदार रहा। वह दिनेश खन्ना के बाद इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने। खन्ना इस प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय एकल चैंपियन हैं। उन्होंने 1965 में यह खिताब जीता था। खन्ना के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने भी 2023 में यह खिताब जीता था। आयुष ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सच में एक बहुत अच्छा हफ्ता रहा। मैंने कुछ शानदार जीत हासिल कीं और सभी मैच काफी मुश्किल थे। इसलिए मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक बेहतरीन हफ्ता था और जिस तरह से मैंने पूरे हफ्ते खेला, उस पर मुझे गर्व है।'




वर्ष 11, पूर्णांक 3561 अंक 027 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in